Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 71 | गुरूवार, 13 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सीएम योगी बोले

# लैंड जिहाद के जरिये पौराणिक स्थलों पर हुआ कब्जा, जो औरंगजेब को चाहते हैं वे रख लें नाम

**लखनऊ।**

सीएम योगी ने एक बार फिर से औरंगजेब के मुद्दे पर विपक्ष को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने महाकुंभ में हुई घटना पर भी अपना पक्ष रखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों में माफिया ने लैंड जिहाद के जरिये प्रयागराज के पौराणिक स्थलों पर अवैध कब्जा किया था, जिससे इनकी गरिमा को गहरी चोट पहुंची थी।

महाकुंभ के दौरान इन स्थलों को माफिया मुक्त कराकर कायाकल्प हुआ। इस आयोजन ने दुनिया को भारत के सामर्थ्य और सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप को दिखाया। प्रदेश की नकारात्मक छवि को भी बदला। सीएम योगी बुधवार को राजधानी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखपत्र पांचजन्य और आगेर्नाइजर के मंथन : कुंभ एंड बियॉन्ड विचार संगम कार्यक्रम में बोल रहे थे। योगी ने कहा कि महर्षि भारद्वाज की नगरी प्रयागराज, दुनिया के पहले गुरुकुल की भूमि है। पिछली सरकारों में माफिया के हवाले थी। अक्षय वट को गुलामी के काल में कैद कर नष्ट करने की कोशिश की गई, जिससे 500 वर्षों तक श्रद्धालु दर्शन से वंचित रहे। माता सरस्वती कूप और पातालपुरी जैसे स्थल उपेक्षित रहे। श्रृंगवेरपुर भगवान राम और निषादराज के मैत्री स्थल पर लैंड जिहाद के जरिए कब्जा कर लिया गया। द्वादश माधव और नागवासुकी जैसे पवित्र स्थल भी अवैध कब्जों की चपेट में थे। महाकुंभ में वहां नए कॉरिडोर बनाकर इनको मुक्त कराया गया, जो हमारी पौराणिक परंपरा के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। त्रिवेणी संगम में हर जाति, पंथ और क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने एक साथ डुबकी लगाई, जो ह्यएक भारत-श्रेष्ठ भारतह्न की भावना को दशार्ता है। दुनिया ने इसे आश्चर्य और कौतूहल की नजरों से देखा। सनातन धर्म में भेदभाव की कोई जगह नहीं है, यह आयोजन इसकी एक झलक थी। वहीं विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए सीएम ने कहा कि जिनकी सोच नकारात्मक है, उनसे सकारात्मकता की उम्मीद करना बेकार है। उन्होंने आजादी के बाद कांग्रेस और सपा के शासनकाल में कुंभ की अव्यवस्थाओं का जिक्र करते हुए कहा कि 1954 में एक हजार से अधिक मौतें हुईं थी, तो 2007 में प्राकृतिक आपदा ने जन-धन की हानि की। वहीं 2013 में मॉरिशस के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने संगम की गंदगी देखकर आंसू बहाए थे। पिछली सरकारों ने कुंभ को अव्यवस्था और गंदगी का अड्डा बना दिया था।



### औरंगजेब को आदर्श मानने वालों को लताड़ा

औरंगजेब को आदर्श मानने वालों पर तीखा हमला करते हुए योगी ने कहा कि यह मानसिक विकृति का परिणाम है। शाहजहां की पुस्तक का हवाला देते हुए कहा कि औरंगजेब ने अपने पिता को कैद कर एक बूंद पानी के लिए तरसाया और भाई को मार डाला। जो औरंगजेब को पसंद करते हैं, वे अपने बच्चों का नाम औरंगजेब रखें।

# यूक्रेन 30 दिन के युद्ध विराम पर राजी, अब ट्रंप-पुतिन के बीच फोन कॉल पर होगी बात

**नई दिल्ली।**



राज्य द्वारा संचालित टीएएसएस समाचार एजेंसी के अनुसार, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि अमेरिका-यूक्रेन वार्ता के बाद उच्च-स्तरीय बातचीत का विचार सामने आ सकता है और मॉस्को और वाशिंगटन के बीच बातचीत के मौजूदा चैनल कम समय में इस तरह की बातचीत की सुविधा प्रदान कर सकते हैं।

पेसकोव ने कहा कि हम इस बात से इंकार नहीं करते हैं कि उच्चतम स्तर पर कॉल का विषय उठ सकता है। यदि ऐसी आवश्यकता उभरती है, तो इसे बहुत जल्दी व्यवस्थित किया जाएगा। संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा यूक्रेन के साथ सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करने को फिर से शुरू करने के एक दिन बाद, रूस ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच एक फोन कॉल पर जल्द ही बात हो सकती है। राज्य द्वारा संचालित टीएएसएस समाचार एजेंसी के अनुसार, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि अमेरिका-यूक्रेन वार्ता के बाद उच्च-स्तरीय बातचीत का विचार सामने आ सकता है और मॉस्को और वाशिंगटन के बीच बातचीत के मौजूदा चैनल कम समय में इस तरह की बातचीत की सुविधा प्रदान कर सकते हैं। पेसकोव ने कहा कि हम इस बात से इंकार नहीं करते हैं कि उच्चतम स्तर पर कॉल का विषय उठ सकता है।

यदि ऐसी आवश्यकता उभरती है, तो इसे बहुत जल्दी व्यवस्थित किया जाएगा। यह बयान कीव द्वारा मॉस्को की स्वीकृति के इंतजार में चल रहे संघर्ष में 30 दिन के युद्ध विराम के लिए अमेरिकी प्रस्ताव का समर्थन करने के बाद नए कूटनीतिक गति के बीच आया है। यह घटनाक्रम सऊदी अरब में महत्वपूर्ण वार्ता के बाद हुआ, जहां दोनों पक्षों ने अस्थायी रूप से तनाव कम करने के लिए सतर्क खुलेपन का संकेत दिया। ट्रम्प प्रशासन ने मंगलवार को यूक्रेन के साथ सैन्य सहायता और खुफिया सहयोग पर निलंबन हटा दिया।



## वोटर लिस्ट मामले में राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा

**नई दिल्ली।**

मतदाता फोटो पहचान पत्र (इपिक) और वोटर लिस्ट में कथित हेर-फेर के मुद्दे पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस सहित दूसरे विपक्षी दलों ने बुधवार को फिर राज्यसभा में नियम 267 के तहत चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया।

बाद में बात बनते न देख विपक्षी दलों ने उपसभापति से नियम 176 के तहत ही इस मुद्दे पर चर्चा कराने का प्रस्ताव दिया। हालांकि इसके बाद भी उपसभापति की ओर से कोई आश्वासन नहीं मिला तो तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने नाराजगी जताते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए। बाद में वह सभी एक-एक कर सदन में लौट आए। नोटिस खारिज होने पर हुआ हंगामा राज्यसभा में बुधवार को हंगामा उस समय शुरू हुआ, जब इपिक पर नियम 267 के तहत चर्चा कराने के लिए नौ विपक्षी सदस्यों की ओर से दिए गए नोटिस को फिर खारिज कर दिया गया। उपसभापति हरिवंश ने कहा कि इस मुद्दे पर वह पहले ही स्थिति स्पष्ट कर चुके है, ऐसे में विपक्ष सदन की कार्यवाही में अवरोध न डाले। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र की भावना केवल चुनाव कराने में ही नहीं है।

### सदन में चर्चा जरूरीः डेरेक ओ-ब्रायन

इस पर तृणमूल सांसद डेरेक ओ–ब्रायन ने कहा कि सदन की कार्यवाही को वह भी बाधित नहीं करना चाहते है लेकिन इपिक का मुद्दा इतना गंभीर है कि सदन में इस पर चर्चा जरूरी है। ऐसे में अगले सप्ताह नियम 176 के तहत ही इस मुद्दे पर चर्चा की मौका दिया जाए।

# बांग्लादेश सीमा पर भारत ने पकड़े 2601 बांग्लादेशी

**नई दिल्ली।**



गृह मंत्रालय ने राज्यसभा को सूचित किया है कि पिछले 13 महीनों में भारत-बांग्लादेश सीमा पर 2,601 बांग्लादेशी नागरिकों को भारतीय क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करते समय पकड़ा गया है।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक लिखित उत्तर में बताया कि ये गिरफ्तारियां एक जनवरी 2024 से 31 जनवरी 2025 के बीच हुईं। जनवरी 2025 में 176 बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा गया, जो कि बीएसएफ की सतर्कता का परिणाम है। 2024 के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में 253, नवंबर में 310, अक्टूबर में 331 और सितंबर में 300 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए। मई 2024 में सबसे कम 32 लोग पकड़े गए। सरकार ने सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एडवांस्ड सर्विलांस, मैन पावर बढ़ाने और तकनीकी एकीकरण का सहारा लिया है। इन उपायों में हैंड-हेल्ड थर्मल इमेजर्स, नाइट विजन डिवाइस, यूएवी, सीसीटीवी/पीटीजेड कैमरे, आईआर सेंसर और असम के धुबरी में कंप्रीहेंसिव इंटिग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम (सीआईबीएमएस) शामिल हैं। सीमा पर लगातार पेट्रोलिंग, नाके, अवलोकन पोस्ट और स्थानीय पुलिस व सीमा गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के साथ संयुक्त अभियान चलाए जाते हैं।

## 'मौत से पहले दिए संदिग्ध बयान पर दोषी ठहराना असुरक्षित'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रमाणित साक्ष्य के अभाव में मृत्युपूर्व संदिग्ध बयान के आधार पर किसी को दोषी ठहराना सुरक्षित नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने इसके साथ अपनी पत्नी की हत्या के मामले में एक व्यक्ति को बरी कर दिया है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि मृत्यु पूर्व दिया गया बयान महत्वपूर्ण साक्ष्य होता है और केवल इसी के आधार पर दोषसिद्धि की जा सकती है, क्योंकि आपराधिक कानून में इसका अत्यधिक महत्व है। पीठ ने कहा, 'हालांकि, इस बात का विश्वास मृत्युपूर्व बयान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मामले में संपूर्ण तथ्यों पर विचार करने के बाद ही किया जाना चाहिए।'

# सीएम सरमा की यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन से मुलाकात

**नई दिल्ली।**



असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को भारत में यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन से मुलाकात की। डॉ. सरमा ने राजदूत हर्वे डेल्फिन से नई दिल्ली स्थित उनके आधिकारिक आवास पर भेंट की।

इस सम्मेलन में देश-विदेश के कई दिग्गज शामिल हुए। साथ ही कई राज्य के विकास के लिए कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए गए। बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन और उनके माध्यम से सदस्य देशों के अन्य मिशन प्रमुखों का गुवाहाटी में संपन्न हुए एडवांटेज असम शिखर सम्मेलन 2.0 को अपना सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया। नई दिल्ली में हुई मुलाकात के दौरान सीएम सरमा और राजदूत हर्वे डेल्फिन के बीच स्वच्छ ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, उच्च शिक्षा, कौशल विकास के साथ एरोमेटिक्स और फ्रेगरेंस उद्योग को बढ़ावा देने के अवसरों को लेकर सार्थक चर्चा हुई।

## आज से मौसम लेगा करवट, हिमाचल कश्मीर में हिमपात का दौर जारी



**नई दिल्ली।**

लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच बृहस्पतिवार से राजधानी दिल्ली का मौसम करवट लेगा। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन आंशिक तौर पर बादल छाए और हल्की वर्षा होने का पूवार्नुमान भी लगाया है।

वहीं स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन) महेश पलावत ने बताया कि पहाड़ों पर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। उत्तर भारत के कई राज्यों में मौसम करवट लेगासाथ ही उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और उससे सटे पाकिस्तान पर अपर साइक्लोनिक सकुर्लेशन का एरिया भी बन रहा है। इसी के असर से बृहस्पतिवार से अगले तीन दिन के दौरान न केवल दिल्ली बल्कि एनसीआर और उत्तर भारत के कई राज्यों में मौसम करवट लेगा। पहाड़ी राज्यों विशेषकर जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में इसका असर दिख भी रहा है। यहां हिमपात और वर्षा का दौर जारी है। हिमाचल में मौसम को लेकर चेतावनी, उत्तराखंड में टूटे हिमखंड हिमाचल प्रदेश के निचले व मध्यम ऊंचाई वाले स्थानों पर बुधवार को दिनभर बादल छाए रहे। पर्यटन स्थल मनाली में हल्की बूंदाबांदी हुई तो जनजातीय क्षेत्रों में हल्का हिमपात।

## 'सरकार जो चाहे करे, मैं अपना काम जारी रखूंगा', अबू आजमी बोले- लोग मुझे आतंकी कह रहे हैं

**मुंबई।**



मुगल शासक औरंगजेब को लेकर दिए गए अपने विवादास्पद बयान के संबंध में सपा विधायक अबू आसिम आजमी बुधवार को जांच अधिकारी के समक्ष पेश हुए। इसके बाद उन्होंने कहा कि बिना कुछ गलत किए यदि मुझ पर आरोप लगाए जा रहे हैं, तो निश्चत तौर पर मुझे इसका डर है। उन्होंने मुझे पूरे सत्र से निलंबित कर दिया। लोग मुझे आतंकी कह रहे हैं, लेकिन मैंने कौन सा आतंक फैलाया है। सरकार जो चाहे करे, लेकिन मैं अपना काम जारी रखूंगा। मीडिया से बात करते हुए आजमी ने कहा कि बयान दर्ज करने की कोई आवश्यकता नहीं है, कोई मामला ही नहीं है। मेरे खिलाफ एक एफआइआर दर्ज की गई थी। मैंने अग्रिम जमानत ले ली है। मुझे तीन दिनों तक आकर अपने हस्ताक्षर करने होंगे। मुंबई सत्र न्यायालय ने औरंगजेब पर विवादास्पद बयान के मामले में जांच के लिए अबू आजमी को अधिकारी के समक्ष पेश होने का आदेश दिया था। न्यायालय ने उन्हें 12, 13 और 15 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच पेश होने की तिथियां निर्धारित की हैं। गौरतलब है कि आजमी ने औरंगजेब को कुशल प्रशासक बताया था।

## समंदर में मिलकर रखेंगे दुश्मन पर नजर

# कारोबार से लेकर इंफॉर्मेशन शेयरिंग तक, भारत मॉरीशस में हुए 8 अहम समझौते



**पोर्ट लुई।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने बुधवार को द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर अपनी व्यापक बातचीत पर संतोष व्यक्त किया और इस बात पर सहमति जताई कि दोनों देशों के बीच विशेष एवं करीबी द्विपक्षीय साझेदारी ने महत्वपूर्ण रणनीतिक गहराई हासिल कर ली है और यह अब यह उन्नत रणनीतिक साझेदारी हो गई है।

प्रधानमंत्री मोदी की मॉरीशस की दो दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन 'उन्नत रणनीतिक साझेदारी के लिए भारत-मॉरीशस का संयुक्त दृष्टिकोण' जारी किया गया जो दोनों देशों के बीच विशेष एवं अनूठे संबंधों को रेखांकित करता है। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बुनियादी ढांचा, आवास, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, एआइ समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित वार्ता के जरिये द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए मॉरीशस के नेतृत्व के साथ व्यापक बातचीत की। रक्षा एवं समुद्री सुरक्षा सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों नेताओं ने जोर देकर कहा कि यह द्विपक्षीय संबंधों का महत्वपूर्ण स्तंभ है और इस क्षेत्र में नजदीकी सहयोग ने रणनीतिक आयाम हासिल किए हैं जिससे दोनों देशों को अत्याधिक लाभ हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी सहमति जताई कि मुक्त, खुला एवं सुरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र सुनिश्चित करने में साझा प्रतिबद्धता वाले भारत और मॉरीशस क्षेत्र में स्वाभाविक साझीदार हैं। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में समुद्री चुनौतियों का सामना करने और व्यापक रणनीतिक हितों की सुरक्षा के लिए मिलकर काम करने का अपना संकल्प दोहराया। मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने उनके देश के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सुरक्षा में सहायता के लिए भारत की सराहना की। इनमें रक्षा एवं समुद्री उपकरणों का प्रविधान, पोतों एवं विमानों की नियमित तैनाती, संयुक्त समुद्री निगरानी, हाइड्रोग्राफिक सर्वे और गश्त, द्विपक्षीय अभ्यास व सूचनाएं साझा करना और प्रशिक्षण में सहायता शामिल हैं।

## संपादक की कलम से

### नफरती मंसूबे

अलगाववादियों के एजेंडे को लेकर पश्चिमी देशों की सरकारों के प्रश्रय से मुखर हुए कुछ अराजक तत्वों द्वारा अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित स्वामी नारायण मंदिर पर हमला करना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। वहां आपत्तिजनक संदेश लिखकर मंदिर को क्षति पहुंचायी गई। इससे पहले भी आतंक फैलाने की मंशा से मंदिरों पर हमले होते रहे हैं। जाहिर है ऐसे आपराधिक तत्वों की मंशा आतंक फैलाना ही है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस तरह की कुत्सित कोशिशों की निंदा की है, लेकिन अमेरिकी सरकार द्वारा ऐसे मामलों की अनदेखी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न करना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। दरअसल, पृथकतावादी तत्व हिंदुओं के खिलाफ विष वमन करके अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। भारतीय संस्कृति के अंग–संग रहने वाले समाज को विभाजित करके घृणा का कारोबार करने वाले तत्वों को बेनकाब करने की जरूरत है। विडंबना यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा में सक्रिय ऐसे तत्वों को इन देशों की सरकारों द्वारा अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर प्रश्रय दिया जाता है। सवाल यह उठता है कि जब ऐसी आजादी किसी सभ्य समाज के अहसासों से खिलवाड़ करे और दूसरों की धार्मिक आजादी का अतिक्रमण करने लगे तो क्या उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? दरअसल,ये घटनाक्रम इन देशों के दोगले मापदंड उजागर करते हैं। दूसरे देशों में सांप्रदायिक असहिष्णुता और कथित भेदभाव के आंकड़े जारी करके दबाव बनाने वाले तथाकथित सभ्य देश अपने क्रियाकलापों से बेनकाब हो रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में करीब एक दर्जन मंदिरों को अपवित्र करने की कुत्सित कोशिश हुई, लेकिन ऐसे तत्वों के खिलाफ दिखावे के लिये भी कार्रवाई नहीं की गई। किसी हमले की जांच भी नहीं हुई। जबकि प्रत्येक संप्रदाय की धार्मिक आजादी की रक्षा करना अमेरिकी सरकार का नैतिक दायित्व है। आखिर मंदिरों को सुरक्षा क्यों नहीं मुहैया करायी जाती। बीते साल भी कनाडा में हिंदू महासभा के मंदिर में हमला करके बच्चों व महिलाओं तक को पीटा गया था। लेकिन ट्रूडो सरकार खामोश रही। विडंबना यह है कि अमेरिका,ब्रिटेन व कनाडा की सरकारें ऐसे हमलों व मंदिरों को अपवित्र करने की घटनाओं को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में रखकर आंखें मूंद लेती हैं। लेकिन जब दूसरे देशों में उनके धर्म के लोगों के पूजा स्थलों पर हमले होते हैं तो उसे धार्मिक आजादी व मानवाधिकारों का संकट बताने लगते हैं। निश्चित रूप से ऐसे ही रवैये से भारत के साथ इन देशों के संबंधों में खटास ही आएगी। ऐसे ही अलगाववादियों के कृत्यों व कनाडा सरकार के अलगाववादियों को संरक्षण देने के चलते ही दोनों देशों के संबंध सबसे खराब दौर में पहुंचे हैं।



ललित शर्मा
संपादक

## अमेरिका की खनिजों को लेकर साम्राज्यवादी सोच

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नजर अब दुनिया के खनिज संपदा संपन्न देशों की ओर है। ट्रम्प का यह अब यह छिपा एजेण्डा भी नहीं रहा क्योंकि यूक्रेन को सहायता के बदले उसकी खनिज संपदा के प्रबंधन का जिम्मा अमेरिका लेने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की पर लगातार दबाव ड़ाल रहे हैं। यूक्रेन 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की खनिज संपदा को लेकर अमेरिका के साथ समझौता करने को भी लगभग तैयार हो गया पर पिछले दिनों जेलेंस्की की अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रम्प और जेलेंस्की में जिस तरह की कड़बाहट भरी नोकझोंक हुई है उसने इस डील को फिलहाल तो कमजोर कर दिया है। हांलाकि यूक्रेन के जेलेंस्की ने यूरोप यात्रा के दौरान राष्ट्रहित में अमेरिका के साथ समझौता करने पर लगभग सहमति वाली बात कही है। उधर रुस नहीं चाहता कि इस तरह का कोई समझौता अमेरिका व रुस के बीच हो, यही कारण है कि रुस ने भी रुस की खनिज संपदा को लेकर अमेरिका से समझौते के लिए खुला निमंत्रण दे दिया है। दरअसल अमेरिका स्वय खनिज संपदा संपन्न देष है। इसके साथ ही खनिज संपदा के मामलें में देखा जाए तो अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता देश है। इसके साथ ही अमेरिका खनिजों खासतौर से दुर्लभ खनिजों के मामलें में चीन का बर्चस्व चीन पर निर्भरता खत्म या यों कहे कम करना चाहता है। इसी कारण से दुनिया के खनिज संपदा संपन्न देशों पर ट्रम्प की ललचाई नजर साफ दिखाई दे रही है।

अभी पिछले दिनों ही ट्रम्प ने कनाडा को अमेरिका 51 वां राज्य कहकर संबोधित किया है। उधर कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो साफ साफ कह चुके हैं कि अमेरिका की नजर कनाड़ा की खनिज संपदा पर है और वह कनाड़ा को अमेरिका का 51वां राज्य बनने के लिए दबाव बनाये हुए हैं। हांलाकि जस्टिन ट्रूडो इसको ट्रम्प का दिवा स्वप्न ही बता रहे हैं। उधर अमेरिका एन केन प्रकारेण अफगानिस्तान में प्रवेश करना चाहता है जहां की खनिज संपदा को वह हथिया सके। हांलाकि तालिबानियों के रहते फिलहाल तो ऐसा संभव नहीं लग रहा है। यह दूसरी बात है कि अमेरिका-रुस के बीच बन रहे नए समीकरणों का भविष्य क्या रहता है? इस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। देखा जाए तो अर्वाचिन काल से ही खनिज संपदा का अपना महत्व रहा है। पर इलेक्ट्रोनिक युग में दुनिया के देशों के लिए खनिज संपदा का महत्व और मांग तेजी से बढ़ गई है। आज विकास की परिकल्पना को खनिजों की उपलब्धता के आधार पर ही साकार किया जा सकता है। नए युग की आवश्यकताओं की पूर्ति इन रेयर खनिजों से ही संभव हो पा रही है। एक समय था जब सोना, चांदी, तांबा आदि की ओर अधिक ध्यान केन्द्रीत होता था आज उसका स्थान दुर्लभतम खनिज लेते जा रहे हैं। इसका कारण भी साफ है। उर्जा के क्षेत्र में लगभग 90 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र में करीब 80 प्रतिशत, कृषि क्षेत्र में 70 प्रतिषत तक कच्चे माल या सहायक के रुप में भूगर्भ की खनिज संपदा की भागीदारी है। आज दुनिया के 90 प्रतिशत रेयर अर्थ पर चीन की मोनोपोली है। दुनिया में खनिज संपदा के क्षेत्र में चीन शीर्ष पर है। चीन में 4.6 बिलियन टन प्रतिवर्ष, दूसरे नंबर में अमेरिका 2.2 बिलियन टन, तीसरे नंबर पर रुस 1.7 बिलियन टन और चौथे नंबर पर आस्ट्रेलिया 1.4 बिलियन टन सालान खनिज संपदा का उत्पादन कर रहे हैं। चीन की संपन्नता का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि दूसरे नंबर के अमेरिका की तुलना में चीन में लगभग दो गुणा अधिक खनिज संपदा का उत्पादन हो रहा है।

कनाडा और यूक्रेन के प्रति अमेरिकी नीति से यह साफ हो जाता है। अमेरिका यूक्रेन की रेयर अर्थ एलिमेंट संपदा के नियंत्रण के माध्यम से खनिजों के क्षेत्र में चीन को पीछे छोड़कर स्वयं का नियंत्रण बनाना चाहता है। कनाड़ा में भी सोना, चांदी, निकल, तांबा, यूरेनियम, पोटाश, कोबाल्ट, हीरा आदि के प्रचुर भण्डार है तो यूक्रेन में भी रेयर खनिजों के भण्डार धरती के गर्भ में समाये हुए हैं। यूक्रेन में ग्रेफाइट, लिथियम, आदि रेयर अर्थ के भण्डार है। लिथियम के 19 मिलियन टन भण्डार होने के साथ ही विष्व के प्रमुख पांच ग्रेफाइट उत्पादक देशों में यूक्रेन है। यूक्रेन में आरईई के 17 तत्वों के समूहों वाले खनिजों में से बहुतायत में भण्डार है। अफगानिस्तान के साथ अमेरिका 2017 में समझौता कर चुका है पर तालिबान के प्रवेश के कारण अमेरिका का सपना अधूरा रह गया। हांलाकि 2021 में भी अफगानिस्तान से समझौते की पहल अमेरिका से कर चुका है। अभी भी अमेरिका की अफगानिस्तान की खनिज संपदा पर पूरी नजर है और अमेरिकी-रुस नजदीकी के प्रयास इस दिशा में आगे बढ़ेंगे। यह साफ है कि आज रिचार्जेबल बेटरी, मोबाईल, कम्प्यूटर चिप, हवाई जहाज के उपकरणों में उपयोग होने वालों के साथ ही उर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपयोग के खनिज भण्डार है। दुनिया के देश आज कच्चे माल के रुप में चीन पर निर्भर है। चीन पर निर्भरता कम करने के साथ ही अमेरिका अपना वर्चस्व बनाने के लिए संभावित सभी देशों पर योजनावद्ध तरीके से दबाव बना रहा है ताकि बदलती औद्योगिक सिनेरियों में अमेरिका की तूंती और अधिक तेजी से बज सके और अन्य देश अमेरिका पर निर्भर हो सके। अमेरिका खनिज संपदा का आर्थिक सामाजिक और औद्योगिक विकास का प्रमुख आधार बनाना चाहता है और इस तरह से वह अपना वर्चस्व कायम करने के लिए योजनावद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा है। **– डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**



अभी पिछले दिनों ही ट्रम्प ने कनाडा को अमेरिका 51 वां राज्य कहकर संबोधित किया है। उधर कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो साफ साफ कह चुके हैं कि अमेरिका की नजर कनाड़ा की खनिज संपदा पर है और वह कनाड़ा को अमेरिका का 51वां राज्य बनने के लिए दबाव बनाये हुए हैं।

## महाकुंभ में सपना बनी 'हवाई चप्पल' वालों ने की हवाई यात्रा ?

रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस) उड़ान का शुभारंभ करते हुये आठ वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 'हम मानते थे कि हवाई सेवा केवल राजा और महाराजाओं के लिये है। यह सोच बदलनी चाहिए। मैं हवाई चप्पल पहनने वाले लोगों को भी हवाई जहाज में देखना चाहता हूं।' इस योजना के अंतर्गत न केवल बंद या बेकार पड़े देश के 45 हवाई अड्डों को पुनः संचालित करने बल्कि कई नये हवाई अड्डे बनाने का भी प्रस्ताव था। इन आठ वर्षों के दौरान निश्चित रूप से अनेक नये हवाई अड्डों का निर्माण भी हुआ है। परन्तु सवाल यह है कि यह नये हवाई अड्डे और इनसे संचालित हवाई यात्रा क्या 'हवाई चप्पल' पहनने वाले लोगों को भी कुछ फायदा पहुंचा रही है ? इस योजना के तहत औसतन 2500 / रुपये प्रति घंटे की उड़ान उपलब्ध कराने की घोषणा करने वाले प्रधानमंत्री का वह दावा आज आठ वर्ष बीतने के बाद भी आखिर कितना सही साबित हो रहा है ? उस समय तो प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब जनता की भावनाओं को स्पर्श करते हुये यह भी कहा था कि -'मैने गरीबी देखी है। गरीबी में जिया हूं, गरीबी देखने के लिए कोई यात्रा नहीं करनी पड़ती है। मुझे याद है आज तक मेरी मां के खाना बनाते हुए आंसू निकल जाते थे। इसी तरह हर मां के चूल्हा जलाते हुए आंसू निकलते हैं। इसलिए गरीब परिवारों को मुफ़्त गैस चूल्हा देने की योजना शुरू की है।' जबकि सच्चाई यह है कि इस योजना के बाद गैस की कीमत इतनी बढ़ गयी कि लाखों गृहणियां दुबारा गैस रिफिल तक नहीं करा सकीं।

बहरहाल सवाल यह है कि 8 वर्ष पूर्व किये गये इस लोकलुभावन दावे के बाद हवाई यात्रा को लेकर आज की स्थिति क्या है ? क्या हवाई चप्पल पहनने वाले यानी देश के गरीब लोग हवाई यात्रा कर पा रहे हैं ? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि जिस देश में सरकार स्वयं यह दावा करती हो कि हम देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त राशन उपलब्ध करा रहे हैं उस देश के मुफ़्त राशन लेने वाले गरीब लोगों को हवाई यात्रा करने के लिये प्रोत्साहित करना कितना कारगर साबित हो सकता है ? यदि नहीं तो क्या 'हवाई चप्पल में हवाई यात्रा' जैसा शब्दों की 'तुकबंदी' भरा दावा भी महज एक लोकलुभावन जुमला मात्र ही था ? कम से कम पिछले दिनों प्रयागराज में हुये महाकुंभ के दौरान तो यही देखने को मिला। **-निर्मल रानी**



## टीकेश्वर सिन्हा

### मेरे गाँव में होली

कविता

देखो आई मेरे गाँव में होली।
देखो आई मेरे गाँव में होली।।

फागुन आते ही गलियों में
धूल की महक उठी।
खिल उठा मन मेरा
इच्छा मेरी लहक उठी।
माधव भइया खुश है, भाभी की मीठ बोली।
देखो आई....।

देखा उगते सूरज ने
हर चेहरे पर उल्लास।
छाया बसंत राहों पर
नयेपन का आभास।
घटौदें में चर्चे खूब है, पनिहारिन की ठिठोली।
देखो आई....।

धरती हुई सतरंगी
गगन में उड़े अबीर।
एक रंग में रंगे सब
न गरीब न अमीर।
माँ–बहनें बिधुन हैं, नफरत सबने धो ली।
देखो आई....।


सेम पलाश लगे हँसने
बिखराये सुंदर लाली।
कोयल की सुरीली तान से
बगिया में है खुशहाली।
बड़ी सुहानी धूप है, मस्त हो हवा डोली।
देखो आई....।

ढोल नगाड़े की धुन
कोई गाता फाग गीत।
गाँव दिखता गाँव में
और भाईचारे की रीत।
हर गली में धूम है, नन्हे–मुन्नों की टोली।
देखो आई....।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## विदेशों में हिन्दू मन्दिरों पर हमले दुर्भाग्यपूर्ण



विजय गर्ग

खालिस्तानी अलगाववादियों से जुड़े कुछ अराजक तत्वों ने एक बार फिर अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित स्वामी नारायण मंदिर पर हमला किया है, हिन्दुओं वापिस भारत जाओ जैसे आपत्तिजनक संदेश लिखकर मंदिर को क्षति पहुंचायी गई है। हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर बार-बार हो रहे ये हमने दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है। आतंक फैलाने की मंशा से मंदिरों पर हमले की ऐसी घटनाओं का बार-बार होते रहना चिन्ता का सबब है। ऐसे पृथकतावादी तत्व हिंदुओं के खिलाफ विषवमन करके अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं एवं दवाब बनाना चाहते हैं। भारतीय सांझा संस्कृति में मिलजुलकर रहने वाले समाजों को विभाजित करके घृणा, नफरत एवं द्वेष उत्पन्न करने वाले तत्वों को न केवल बेनकाब करने की जरूरत है बल्कि उन्हें नेस्तनाबूंद किया जाना चाहिए। बात केवल खालिस्तानी अलगाववादियों की नहीं है, मुस्लिम आतंकवादी भी विभिन्न देशों में हिन्दू धर्म, मन्दिर, आस्था एवं संस्कृति पर ऐसे ही हमले करके दहशत फैला रहे हैं। हिन्दू समुदाय नफरत के खिलाफ मजबूती से खड़ा है, वह कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगा। लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा सरकारों द्वारा ऐसे मामलों की अनदेखी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न करना विडम्बनापूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है। भारत सरकार को भी कड़े कदम उठाते हुए सख्त संदेश देना चाहिए।

अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाए जाने को खालिस्तान समर्थकों से जोड़कर देखा जा रहा है। दक्षिण कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स इलाके में स्थित मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए अरैर मन्दिर को क्षति पहुंचाई गयी। माना जा रहा है कि खालिस्तान जनमत संग्रह से पहले साजिश के तहत ये हमला किया गया है। कुछ दिन पहले न्यूयार्क में भी स्वामीनारायण मंदिर पर भी हमला हुआ था। 25 सितंबर को कैलिफोर्निया के सेक्रामेंटो स्थित स्वामीनारायण मंदिर को भी निशाना बनाया गया था, तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक संदेश भी लिख दिए गए हैं। आपत्तिजनक यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा में सक्रिय ऐसे तत्वों को इन देशों की सरकारों द्वारा राजनीति के चलते खुला समर्थन देना एवं अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर प्रश्रय दिया जाना बर्दाश्त से बाहर होता जा रहा है, कब तक खामोश रहा जाये? कैलिफोर्निया में स्वामीनारायण मंदिर पर हुई घटना से पहले लंदन में विदेश मंत्री एस जयशंकर के गाड़ी के सामने खालिस्तान समर्थकों ने प्रदर्शन किया था, जिसे सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। जो खालिस्तान समर्थक विदेश मंत्री के काफिले तक कूद गया, वह सुनियोजित ढंग से हमला भी कर सकता था। निश्चित तौर पर यह ब्रिटिश पुलिस की कोताही एवं लापरवाही है। उस समय खालिस्तानी उग्रवादी ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज ह्यतिरंगेह्न का भी अपमान किया।

विडंबना यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा के साथ पाकिस्तान, बांग्लादेश की सरकारें ऐसे हमलों व मंदिरों को अपवित्र करने, उनको नुकसान पहुंचाने, अराजक माहौल खड़ा करने की घटनाओं को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में रखकर आंखें मूंद लेती हैं या कुछ देश कट्टरतावाद के चलते उन देशों के अल्पसंख्यक समुदायों पर तरह-तरह के हमले होने देती है। यह विडम्बना ही है कि जब दूसरे देशों में उनके धर्म के लोगों के पूजा स्थलों पर हमले होते हैं तो उसे धार्मिक आजादी व मानवाधिकारों का संकट बताने लगते हैं, फिर हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर हो रहे ऐसे हमलों को लेकर दोहरी मानसिकता एवं दोहरा मापदण्ड क्यों? क्यों भेदभावपूर्ण मानसिकता है? निश्चित रूप से ऐसे ही रवैये से भारत के साथ इन देशों के संबंधों में खटास आती है। ऐसे ही अलगाववादियों के कृकृत्यों व कनाडा सरकार के अलगाववादियों को संरक्षण देने के चलते ही दोनों देशों के संबंध सबसे खराब दौर में पहुंचे हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के कारण ही दोनों देशों के संबंध बिगड़ चुके हैं। आतंक से जो जन्मती है, वह संस्कृति नहीं होती है, उसमें पाशविकता होती है, उसमें जानवर विद्यमान होते हैं। ऐसे व्यक्ति, संगठन एवं देश किसी के प्रिय नहीं हो सकते, वे मानवता को त्राण नहीं, संत्रास देते हैं।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस तरह की कुत्सित कोशिशों की तीव्र निंदा एवं भर्त्सना की है, सवाल यह उठता है कि जब ऐसी आजादी किसी सभ्य समाज के अहसासों से खिलवाड़ करे और दूसरों की धार्मिक आजादी का अतिक्रमण करने लगे तो क्या उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? दरअसल, ये घटनाक्रम इन देशों के दोगले मापदंड उजागर करते हैं। दूसरे देशों में सांप्रदायिक असहिष्णुता और कथित भेदभाव के आंकड़े जारी करके दबाव बनाने वाले तथाकथित सभ्य देश अपने क्रियाकलापों से बेनकाब हो रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में करीब एक दर्जन मंदिरों को अपवित्र करने की कुत्सित कोशिश हुई, लेकिन ऐसे तत्वों के खिलाफ दिखावे के लिये भी कार्रवाई नहीं की गई। किसी हमले की जांच भी नहीं हुई। जबकि प्रत्येक संप्रदाय की धार्मिक आजादी की रक्षा करना अमेरिकी सरकार का नैतिक दायित्व है। अमेरिका खुद को धर्मनिरपेक्षतावादी एवं मानवाधिकार का हिमायती मानता है। आखिर अमेरिका जैसे शक्तिसंपन्न राष्ट्र में मंदिरों को सुरक्षा क्यों नहीं मुहैया करायी जाती? बीते साल भी कनाडा में हिंदू महासभा के मंदिर में हमला करके बच्चों व महिलाओं तक को पीटा गया था। लेकिन ट्रूडो सरकार खामोश रही। लेकिन जैसी करनी वैसी भरनी की कहावत के अनुसार ट्रूडो सरकार बिखर गयी, धराशायी हो गयी। निश्चित रूप से पश्चिमी देशों की सरकारों को अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा व गरिमा तय करनी होगी। लगातार हो रहे इन हमलों के बाद भी हिन्दू समुदाय शांति और करुणा की ही बात करता आया है। पर एक बड़ा सवाल ये है कि आखिर कब तक यह सिलसिला चलेगा? क्या अमेरिकी एवं ब्रिटेन प्रशासन इस पर कोई ठोस कदम उठाएंगे? हाल ही में ब्रिटिश गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में ऐसे अतिवादियों के उभार को ब्रिटिश कानून व्यवस्था के लिये खतरा बताया गया था। आतंक किसी एक देश नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिये गंभीर खतरा है। लेकिन इसके बावजूद ऐसे मामलों की अनदेखी की जा रही है। निश्चित तौर पर छोटी घटनाओं को नजरअंदाज करने से कालांतर में बड़ी हिंसक गतिविधियों को ही प्रश्रय मिलता है। प्रतिबंधित आतंवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस कनाडा सहित कई देशों में लगातार भारत विरोधी अभियान चला रहा है। 17 नवंबर 2024 को न्यूजीलैंड में भी ऐसा ही अभियान चलाने की कोशिश की गई और भारत विरोधी नारे लगाते हुए खालिस्तान का झंडा लहराया गया। लेकिन न्यूजीलैंड के नागरिकों ने इसका विरोध किया और खालिस्तान समर्थकों के मनसूबों को सफल नहीं होने दिया।

भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत के बढ़ते कदमों को रोकने के लिये आतंकी संगठन और दुश्मन देश आतंक का सहारा ले रहे हैं। सरकार की नीति, सशक्त सुरक्षा व्यवस्था, सरकार की सतर्कता के चलते ही आतंकवादी संगठन एवं आतंकवादी अपने मनसूबों में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। अधिक सावधान एवं सख्त होने की अपेक्षा है, अन्यथा भारत की सारी प्रगति को आतंकवाद खा जायेगा।

क्योंकि लगातार असफलता से खीझे एवं बौखलाये हुए आतंकी कोई-न-कोई नई और अधिक खौफनाक आतंकी घटना को अंजाम देने में जुटे रहते हैं, हमारी सुरक्षा एजेंसियों को अधिक सतर्कता बरतने की अपेक्षा है। दुनिया के शक्तिसंपन्न राष्ट्र भी मंथन करें आतंक रूपी विष और विषमता को समाप्त करने का, शांतिपूर्ण दुनिया निर्मित करने का।



# स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** बागेश्वर जिले में युवाओं और वेरोजगार लोगों को केंद्र सरकार की कौशल विकास योजना का लाभ दिलाते हुए सभी जरूरतमंद लोगों को विभिन्न रोजगार कौशल योजनाओं का लाभ दिलाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अधिकारियों को विशेष पहल करने के लिए जिलाधिकारी ने विशेष पहल शुरू कर दी है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कौशल समिति की बैठक हुई।

बैठक में विभागवार संचालित कौशल प्रशिक्षण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण विषयों एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना,प्रधानमंत्री कौशल केंद्र और जन शिक्षण संस्थान जैसे कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आईटीआई,पॉलिटेक्निक,उच्चशिक्षा, माध्यमिक,शिक्षा,कृषि,उद्यान,पशुपालन,पर्यटन, उद्योग,दुग्ध और आरसेटी की योजनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। रोजगार प्रयाग पोर्टल,विदेश रोजगार प्रकोष्ठ और एनएसडीसी जॉब एक्स पोर्टल के प्रचार-प्रसार पर चर्चा की गई,ताकि अधिक से अधिक युवाओं को इन सुविधाओं का लाभ मिल सके।

जिलाधिकारी ने स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए ठोस रणनीति बनाने के निर्देश जिला सेवायोजन अधिकारी को दिए। तथा स्कूल,कॉलेज में भी अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। जिससे युवाओं को अधिक रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को कार्यक्रमों का समन्वित रूप से संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को रोजगार की तलाश में स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिए प्रयास कर रहे जरूरतमंदों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रयास करने की बात कही।कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लोगों को स्वरोजगार की दिशा में सभी लोगों को पर्याप्त सहयोग प्रदान किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर हेयर सैलून,मोबाइल रिपेयरिंग,योगा वैलनेस आदि क्षेत्र में भी प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने निदेशक आरसेटी को महिला स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को स्थानीय उत्पादों की बेहतर पैकेजिंग के लिए प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। अगली वितीय वर्ष में में लक्ष्य निर्धारित करने को कहा।

बैठक का संचालन जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण चंद्र गोस्वामी ने किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कौशल विकास योजनाओं की प्रगति और सेवायोजन विभाग के प्रयासों पर विस्तृत जानकारी दी। जिला सेवायोजन अधिकारी ने कौशल विकास से जुड़े विभिन्न विभागीय कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। तथा कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को रोजगार योग्य कौशल प्रदान करने पर जोर दिया गया।

# नदियों के जल संरक्षण और संवर्धन को लेकर जिलाधिकारी ने ली समीक्षा बैठक

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने स्प्रिंगशेड एंड रिवर रिजुवेनेशन अथॉरिटी (सारा) के तहत प्राकृतिक जल स्त्रोतों, नौले-धारे और नदियों के जल संरक्षण और संवर्धन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने नदियों व प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन के लिए इंटरनल

मेकैनिज्म विकसित कर वैज्ञानिक पद्धति से दीर्घकालिक योजना बनाने की सख्त निर्देश दिए।

बुधवार को जिला कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर निर्धारित लक्ष्य व एकीकृत योजना के साथ जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने नौले-धारे और नदियों जैसे प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए इन स्त्रोतों की सुरक्षा और पुनर्जीवन के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाधिकारी ने विभागों को बेहतर समन्वय स्थापित कर जल संरक्षण के प्रयासों को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। कहा कि विभागीय स्तर पर निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए इंटरनल मेकैनिज्म विकसित कर वैज्ञानिक पद्धति से दीर्घकालिक योजना बनायी जाय। वर्षा जल संरक्षण के लिए भी विभागीय स्तर पर लक्ष्य निर्धारण करते हुए सघन वृक्षारोपण, खंती, चाल-खाल, चेकडैम एवं अन्य जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा से कन्वर्जेंस करते हुए जल संरक्षण और संवर्धन संरचनाओं पर बल दिया जाय। जिलाधिकारी ने कृषि, उद्यान, सिंचाई, लघु सिंचाई, जल संस्थान व अन्य विभागों के अधिकारियों को जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में दीर्घकालिक योजना पर कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जल सर्वधन कार्यो से जुड़े स्वयं सेवी संस्थाओं और स्थानीय लोगों को भी इसमें शामिल किया जाए और सबके सुझाव और सहयोग लेकर जल स्त्रोत एवं क्षेत्र विशेष की आवश्यकताओं के अनुरूप जल संरक्षण कार्यो का क्रियान्वयन किया जाए।बैठक में डीएफओ ध्रुव सिंह मार्तोलिया, सीडीओ आरसी तिवारी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, डीडीओ संगीता आर्या, ईई जल संस्थान सीएस देवड़ी, सिंचाई केके जोशी, बीडीओ आलोक भंडारी, ख्याली राम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# छाता में प्रसिद्ध फूलडोल मेला 15 मार्च को



**मथुरा/छाता।** बृज में होली का उत्सव पूरे चालीस दिन बड़ी धूम धाम से मनाया जाता है। बसंत पंचमी से शुरू फाल्गुन पूर्णिमा पर समापन हो जाता है। इसी श्रृंखला में नगर के प्राचीन सिद्ध मंदिर चतुर्भुज महाराज मंदिर में वर्षो से चली आ रही होली के पावन अवसर पर फूलडोल मेले की परम्परा को सहेजे हुए है, जिसमें यदुवंशी, चौधरी, वैश्य समाज द्वारा चौपाइयों का आयोजन किया जाता है। ढोल नगाड़े आतिशबाजी के साथ चतुर्भुज भगवान को गीतों से रिझाते है, जिसमें हजारों भक्तजन चौपाई देखने को मंदिर प्रांगण में उपस्थित होते है। गौरव अविरल शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया होली समापन के बाद चैत्र मास की दोज तिथि को ठाकुर जी को श्वेत श्रृंगार धारण कराया जाता है , दिव्य फूलों से मंदिर को भव्य सजाया जाता है, परंपरागत तरीके से महिलाओं द्वारा लोकगीतों पर नृत्य किया जाता है ।

# प्रख्यात संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज का 35 वां द्विदिवसीय तिरोभाव महोत्सव प्रारंभ



**वृन्दावन।** वंशीवट क्षेत्र स्थित संकीर्तन भवन में श्रीसंकीर्तन भवन धार्मिक न्यास ट्रस्ट के द्वारा ठाकुर श्रीवंशीवट बिहारी गिरधारी महाराज के पावन सानिध्य में प्रख्यात संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज का 35 वां द्विदिवसीय तिरोभाव महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारंभ हुआ।महोत्सव का शुभारंभ 12 मार्च को प्रातः 8 बजे अखंड श्रीभागवत चरित पारायण के साथ हुआ। मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 13 मार्च को प्रातः 8 बजे अखंड श्रीभागवत चरित पारायण का विश्राम होगा।तत्पश्चात 8:15 बजे पूज्य महाराजश्री की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक एवं वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन होगा।पूर्वाह्न 11 बजे से संत -विद्वत संगोष्ठी का आयोजन होगा।जिसके अंतर्गत प्रमुख संतों - महंतों-भागवताचार्यों एवं रासाचार्यों आदि का सम्मान होगा।तदोपरान्त मध्याह्न 12:30 बजे संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के कार्यक्रम होंगे।इसके अलावा 1 से अपराह्न 3 बजे तक भजन संध्या व फूलहोली के साथ महोत्सव का समापन होगा। श्रीसंकीर्तन भवन धार्मिक न्यास ट्रस्ट के ट्रस्टी आचार्य विनय त्रिपाठी, भागवताचार्य गोपाल भैया, लक्ष्मी कुमार मोहता, श्रीमती रजनी मेहरोत्रा, गणेश पाण्डेय (दिल्ली), श्रीमती सीता-राघव अग्रवाल (गुरुग्राम), श्रीमती निशा- विकास गुप्ता (सम्भल), समर्थ शर्मा (फरीदाबाद), कार्यक्रम के व्यवस्थापक आचार्य मंगेश दुबे, डॉ. राधाकांत शर्मा, प्रवीण त्रिपाठी आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# समाज कल्याण अधिकारी पर लगा वसूली का आरोप, मंत्री ने दिया जांच का निर्देश

**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** अमेठी जिले में तैनात जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल पर विभाग के बाबू गोकुल प्रसाद ने रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगाया है। बाबू ने जिलाधिकारी अमेठी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि समाज कल्याण अधिकारी द्वारा डरा धमका कर मोबाइल से 40 हजार रुपए बलपूर्वक अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर कराया गया है।

मामले की जानकारी मिलते ही समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने अयोध्या मंडल के उपनिदेशक को मौके पर भेज के जांच करवाने का निर्देश विभाग के निदेशक श्री कुमार प्रशांत को दिया है। बाबू गोकुल प्रसाद का आरोप है कि 26 दिसंबर 2024 को समाज कल्याण अधिकारी ने अपने चैंबर में बुलाया और बल पूर्वक मोबाइल लेकर फोन-पे का पासवर्ड प्राप्त कर अपनी पत्नी डॉ. अंजू शुक्ल के खाते में 40 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया। बाबू ने अपनी शिकायत में रुपये के लेनदेन का एक साक्ष्य भी दिया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण मंत्री ने 20 मार्च को जांच रिपोर्ट से अवगत कराने का निर्देश दिया है।

> प्रदेश सरकार जीरो टोलरेंस के तहत भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार प्रहार कर रही है. विभाग में किसी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जांच के बाद दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न हो। **-श्री असीम अरुण मंत्री, समाज कल्याण विभाग**

# जादुई उंगलियों से खींचती है अक्स की परछाई

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** अपनी जादुई उंगलियों के दम पर पेंटिंग्स से सफलता के आसमान पर अपना परचम लहरा रही यह कलाकार काफी प्रसिद्धि पा चुकी है। कैनवास उकेरी गई लकीरों से बनी खूबसूरत तस्वीरें उसकी पहचान बन चुकी हैं। गोवर्धन की रहने वाली वैष्णवी कौशिक की उंगलियां जब कैनवास पर लकीरें उकेरती हैं तो बेजान तस्वीर भी मानो बोलने लगती हैं। वैष्णवी कैनवास पेंटिंग्स में कई मंचों पर अपना लोहा मनवा चुकी हैं तथा कला ने अपने कलाकार को कई जगह सम्मान भी दिलवाया है। भगवान के विभिन्न रूपों को तस्वीर में उकेरनी वाली यह कलाकार महान हस्तियों को अपनी कला का हिस्सा बना चुकी हैं। वैष्णवी ने बताया कि उनकी बचपन से ही चित्रकला में विशेष रुचि रही हैं। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सोनू सूद, राजेश खन्ना, प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज, देवी चित्रलेखा, देवकीनंदन ठाकुर जी आदि का स्कैच बनाया, जिसकी उन्हें काफी तारीफ भी मिली। उन्होंने स्कूल के समय से ही विभिन्न पेंटिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। वृंदावन स्थित अक्षय पात्र में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां विभिन्न प्रदेशों के कलाकार भाग लेने आए, परंतु प्रथम स्थान पाकर वैष्णवी कौशिक ने परचम लहराया। आदर्श अकादमी द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में मानसी गंगा प्रदूषण पेंटिंग बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऑनलाइन आर्ट कॉम्पटीशन में भी भाग लिया। वैष्णवी कहती हैं कि जो लोग उंगलियों के हुनरमंद होते हैं वो तस्वीरों में भी जान फूंक देते हैं। प्रतिभाएं बंधन में नहीं बंधी होती हैं। मन में इच्छा शक्ति और हाथ में हुनर है तो छोटे पायदान से बुलंदियों पर पहुंचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि श्री पुण्डरीक जी महाराज की पेंटिंग बनाकर उनको भेंट करने की इच्छा थी। जब उन्होंने सुना की कदम्ब कुंज, ज्ञान गुदड़ी वृंदावन में उनकी कथा का आयोजन होने वाला है तो उन्होंने पेंटिंग तैयार की और भेंट करने का मौका मिल गया।

# वरिष्ठ पत्रकार एवं हिंदुस्तान अखबार के धनघटा तहसील प्रभारी वरुणेंद्र शर्मा का आकस्मिक निधन



**संतकबीरनगर।** वरिष्ठ पत्रकार वरुणेंद्र शर्मा का आकस्मिक निधन पर शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश मंत्री/मण्डल अध्यक्ष डा. संजय द्विवेदी ने निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपूर्णीय क्षति बताते हुए परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मण्डल वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीएन पाण्डेय, मण्डल प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर, बुद्धिसागर मिश्रा, महेंद्र श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी, मुहम्मद आफताब आलम अंसारी, सत्य प्रकाश वर्मा, अतहरूल बारी, महबूब पठान, अश्वनी पाण्डेय आदि ने शोक व्यक्त किये हैं।

# बेटी को होली का त्यौहार देकर लौट रहे बाइक सवार व्यक्ति की रोडवेज बस की टक्कर से दर्दनाक मौत

**वेलकम इंडिया**



**सासनी।** कोतवाली क्षेत्र के हनुमान चौकी बाबा ढाबा के पास एक रोडवेज बस बाइक में टक्कर मार दी, इस हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार एक धेवता और बेटे की हालत गंभीर बताई गई है। मृतक व्यक्ति अपने बेटे को लेकर अलीगढ़ बेटी के घर होली का त्योहार देने के लिए गया था। बुधवार को वह अपने गांव धेवते को लेकर अपने गाँव लौटकर आ रहा था। बताया जा रहा है कि थाना हाथरस गेट क्षेत्र के गांव टुकसान निवासी उमाशंकर 40 वर्ष पुत्र डोरी लाल अपनी बेटी के घर अलीगढ़ को होली का त्योहार देने के लिए गए थे। वह अपने एक छोटे बेटे आनंद (दस वर्ष) को लेकर साथ गए थे और उधर से अपने धेवते गौरव (चार वर्ष) को भी बुलाकर ला रहे थे। इसी बीच रास्ते में सासनी क्षेत्र के हनुमान पुलिस चौकी बाबा ढाबा के पास एक रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार चालक की मौके पर मौत हो गई और बाइक पर बैठे बेटे और धेवते की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। पुलिस मृतक के शवको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी। सूचना पर परिजन रोते-बिलखते पोस्टमार्टम गृह पर पहुंचे।

# जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत करौंदी में लगाई चौपाल, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**वेलकम इंडिया**

**अमेठी।** तहसील अमेठी अंतर्गत संग्रामपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत करौंदी में मंगलवार को जिलाधिकारी निशा अनंत ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय सत्यापन भी किया।

जिलाधिकारी ने राशन वितरण, पेंशन योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता, प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं की स्थिति जानी। ग्रामीणों ने कोटेदार की सराहना की, वहीं कुछ लोगों ने आवास और जल आपूर्ति में गड़बड़ियों की शिकायत की।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को पात्र लोगों को तत्काल लाभ दिलाने और जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल कनेक्शन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। चौपाल में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी बातचीत हुई, जिन्होंने बताया कि वे समूह से लिए गए ऋण का सदुपयोग कर रही हैं। जिलाधिकारी ने ग्राम भ्रमण के दौरान जलापूर्ति टंकी का निरीक्षण किया और लीकेज एवं ग्राउटिंग की खामियों पर नाराजगी जताते हुए त्वरित सुधार के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता जल निगम एके सिंह, तहसीलदार नरेंद्र यादव, खंड विकास अधिकारी संग्रामपुर, ग्राम प्रधान सीमा यादव, लेखपाल उमेश यादव, थानाध्यक्ष संदीप राय सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सीआईएसएफ जवानों ने मनाया 56वां स्थापना दिवस

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** कान्हा की नगरी में आधुनिक मंदिर के नाम से विश्व-विख्यात इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी की सुरक्षा में तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने 10 मार्च को सोमवार के दिन सीआईएसएफ का 56वां स्थापना दिवस बड़े ही जोश व उत्साह के साथ मनाया। स्थापना दिवस के अवसर पर इकाई परिसर में इकाई प्रभारी डॉ. नीरज भारती उप-कमाण्डेंट की उपस्थिति में देश भक्ति से ओत-प्रोत भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इकाई परिसर में कार्यक्रमों की शुरूआत भव्य परेड के साथ की गई एवं सीआईएसएफ जवानों ने स्थापना दिवस कार्यक्रम में हैरतअंगेज डेमो प्रस्तुत किए व डॉग स्क्वाड ने भी आग के गोलों की तेज लपटों के बीच से गुजरकर हैरतअंगेज प्रदर्शन किया साथ ही नन्हे-मुन्ने स्कूली बच्चों ने भी भव्य एवं दिव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुतियां दीं। स्थापना दिवस समारोह में सीआईएसएफ जवानों के हैरतअंगेज प्रदर्शन को देखकर ग्राऊंड में तालियों की गड़गड़ाहट गूँजती रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने की। रिफाइनरी प्रमुख ने सीआईएसएफ जवानों के जोश व उत्साह से भरपूर प्रदर्शन को लेकर भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 56वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीआईएसएफ जवानों एवं स्कूली बच्चों को मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया।

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 56वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सीआईएसएफ यूनिट आईओसी मथुरा के इकाई प्रभारी डॉ. नीरज भारती उप-कमाण्डेंट ने कहा कि सीआईएसएफ देश की संपत्ति एवं बुनियादी ढ़ांचे की सुरक्षा व संरक्षण के प्रति कटिबद्ध है। सीआईएसएफ ने 56 वर्षों में गौरवमयी इतिहास बनाया है। सीआईएसएफ ने सुरक्षा सेवाओं से लेकर राष्ट्र की संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तक हर क्षेत्र में बेहतर खयाल रखा है। इस मौके पर आईओसी मथुरा के अधिकारियों सहित सीआईएसएफ के बल सदस्य व परिवारजन मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# सिकदंराराऊ विधायक बीरेंद्र सिंह राना ने किया तालाब के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण और कुछ किसानों को सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** विकासखंड के गांव चिंतागढ़ी में तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा हो गया है। एक संस्था द्वारा कराए गए इस कार्य का लोकार्पण सिकंदराराऊ के विधायक बीरेंद्र सिंह राना ने किया। इस अवसर पर आदर्श जल कुशल गांव और स्मार्ट किसान सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र कुमार, ज्योति शर्मा, अंतरा कपूर और ग्राम प्रधान चिंतागढ़ी मोतीराम विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक ने कुछ किसानों को भी सम्मानित किया।

विधायक राना ने तालाब के सौंदर्यीकरण की सराहना की। आयोजकों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। जिसके बाद उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय पंचायत परिषद हाथरस के जिलाध्यक्ष मनोज सिसोदिया, प्रधान परसारा, बबलू प्रधानपति कोका समेत कई ग्राम प्रधान मौजूद थे। इनमें विनीत राना कटैलिया, देवेंद्र सिंह शहजादपुर और हरिश्चंद्र ककोरी प्रमुख थे।

# भारतीय पत्रकार कल्याण मंच ने हरियाणा सरकार की तर्ज पर हिमाचल के पत्रकारों को पेंशन देने की मांग की है



वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री व हरियाणा अध्यक्ष ओम प्रकाश राय ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार की तर्ज पर हिमाचल के पत्रकारों को भी पैंशन देने की मांग को ले कर मांग पत्र सौंपा सी एम हिमाचल सुखविंदर सिंह सुखु व विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को शिमला में शिमला ।

पवन आश्री । हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार की तर्ज पर हिमाचल के बफीर्ली पहाड़ियों में अपनी जान जोखिम में डाल कर हिमाचल की आवाज बुलंद करने वाले हिमाचल के मान्यता प्राप्त मीडिया पर्सन्स को भी हर मास 15 हजार रुपया मासिक पैंशन देने व अन्य आवश्यक सुविधाओं की मांग को ले कर भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजिस्टर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रपति अवार्डी पवन आश्री की लीडर शिप में भारतीय पत्रकार कल्याण मंच हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश राय आदि मीडिया पर्सन्स ने शिमला में हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु एवम हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मिल कर उन्हें अलग अलग मांग पत्र सौंपा । मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु एवम हिमाचल प्रदेश के विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मंच के शिष्टमंडल को भरोशा दिलाया कि वे हिमाचल के पत्रकारों के हित मे मंच द्वारा उन्हें सौंपे गए मांग पत्र पर सकारात्मक रूप से विचार करेंगे । शिष्टमंडल में भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री, हरियाणा प्रान्त के प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश राय, हिमाचल प्रान्त के प्रदेशाध्यक्ष अनिल भारद्वाज हेडली, महासचिव उज्ज्वल शर्मा, उपाध्यक्ष पराक्रम दत्त, शिमला के वरिष्ठ पत्रकार अश्विनी वर्मा, वरिष्ठ प्रेस फोटो ग्राफर सावस्तिक आदि शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि भारतीय पत्रकार कल्याण मंच संबंधित मांगो को ले कर हिमाचल के तत्कालीन महामहिम राज्यपाल राजेन्द्र आर्लेकर, आचार्य देवव्रत आदि को मांग पत्र दे कर अनेक वर्षों से मीडिया को पेंशन देने के मामले में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार की आवाज बुलंद कर रहा है ताकि हिमाचल के मीडिया को भी हरियाणा सरकार की तर्ज पर मीडिया पर्सन्स को 15 हजार रुपये मासिक पेंशन एवम अन्य सुविधाओं की मांग पूरा करवाया जा सके । इसी संदर्भ में अभी हाल ही में विगत 19 फरवरी को शिमला में आयोजित भारतीय पत्रकार कल्याण मंच की राष्ट्रीय संगोष्ठी में भी मंच ने ये मांग मुख्यतिथि हिमाचल विस के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष भी जोरदार तरीके से उठाई थी जिस का हिमाचल विस के जुझारू अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भी पुरजोर समर्थन करते हुए हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु से मिल का संबंधित समस्त मांगे पूरा करवाने का भरोसा भी दिया था ।

गौरतलब है कि भारतीय पत्रकार कल्याण मंच की नीतियों से जुड़े हरियाणा पत्रकार कल्याण मंच रजिस्टर्ड के संस्थापक प्रदेशाध्यक्ष पवन आश्री की लीडरशिप में चंडीगढ़ एवम शिमला में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से हरियाणा के तत्कालीन मंत्री व वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, ओडिशा के राज्यपाल रहे प्रो गणेशी लाल, कैबिनेट मंत्री रहे ओम प्रकाश धनखड़, हरियाणा के जुझारू कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, राज्यमंत्री रहे सुभाष सुधा व कर्ण देव कंबोज, कविता जैन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव आर के खुल्लर आई ए एस, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव अमित अग्रवाल व तत्कालीन मुख्यमंत्री व वर्तमान में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर, सूचना, जन सम्पर्क व भाषा विभाग हरियाणा, चंडीगढ़ के महानिदेशक के एम पांडुरंग आई ए एस के अथक प्रयास से भारत वर्ष के इतिहास में पहली बार हरियाणा सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पंचकूला में आयोजित हरियाणा प्रान्त के हजारों पत्रकारो की गरिमामयी उपस्थिति में हरियाणा पत्रकार कल्याण मंच की मांग पर हरियाणा के समस्त मान्यता प्राप्त पत्रकारो को हर मास 10 हजार रुपये की पेंशन का एलान कर दिया, उस के बाद अपने राजनैतिक गुरु मनोहर लाल खट्टर के पदचिन्हों पर चलते हुए उन के परम शिष्य व सब से प्रियतम हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के आग्रह पर इस 10 हजार की पेंशन को बढ़ा कर 15 हजार रुपये मासिक कर दिया, जो शुरू से ले कर आज तक हरियाणा के समस्त मान्यता प्राप्त पत्रकारो, जो कि पेंशन के लिये डिजर्व करते है, सभी को बिना किसी रुकावट के हर मास 15 हजार मासिक पेंशन उन के बैंक खातों में आ रही है।

## स्नो मैराथन का चौथा संस्करण एक बार फिर




वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** लाहौल के प्राचीन ट्रांस-हिमालयी वंडरलैंड में, दुनिया की सबसे ऊंची और एशिया की एकमात्र स्नो मैराथन का चौथा संस्करण एक बार फिर देश के खेल समुदाय को उत्साहित करने के लिए तैयार है। तैयार हो जाइए। बर्फ! किसी भी लंबी दूरी के धावक या अल्ट्रा-धावक के लिए इससे बड़ी चुनौती और कुछ नहीं हो सकती !

23 मार्च 2025 को निर्धारित, हिमाचल प्रदेश के लाहौल में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम, स्नो मैराथन के वैश्विक सर्किट में भारत की अनूठी प्रविष्टि है, जो धावकों को 11,000 फीट की ऊंचाई पर एक अ?द्वितीय चुनौती प्रदान करता है। इस वर्ष, स्नो मैराथन लाहौल में 42 किमी पूर्ण मैराथन, 21 किमी - हाफ मैराथन, 10 किमी और 5 किमी की इस चुनौतीपूर्ण धीरज परीक्षण श्रेणियों में 300 से अधिक धावक भाग लेंगे। यह लंबी दूरी की उच्च ऊंचाई वाली दौड़ है।

रेड बुल, टाइगर बाम-पेन रिलीफ पार्टनर, कैंपस शूज, बिसलेरी-हाइड्रेशन, बॉन, फास्ट एंड अप जैसे शीर्ष घरेलू और वैश्विक ब्रांडों द्वारा समर्थित, मेडिकल पार्टनर फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली, रेडियो पार्टनर रेड एफएम के महत्वपूर्ण समर्थन के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

स्नो मैराथन लाहौल के आयोजक रीच इंडिया के सीईओ राजीव कुमार के अनुसार स्नो मैराथन भारत की एकमात्र ऐसी दौड़ है जो आउटडोर और लंबी दौड़ के प्रेमियों को बर्फ में एक और नए और चुनौतीपूर्ण अनुभव से परिचित कराती है। यह दौड़ एक शांत वातावरण में भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का एक शानदार अवसर भी प्रदान करती है। निश्चित रूप से एक बकेट लिस्ट रन।

प्रतिष्ठित व प्रख्यात राजनैतिक विश्लेषक व समाज सेवी, शुभांकर भट्टाचार्य जो कि कार्यक्रम के आयोजन में शामिल है, उन्होंने भी सभी को यही संदेश दिया इस मैराथन का मुख्य उ?द्देश्य लोगों में प्रकृति के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें उसका रक्षण करने के लिए प्रेरित करना है। उनका कहना है कि हम सभी क इस प्रकार के कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर लोगों को जागरूक करनी की दिशा में निरंतर प्रयास करना होगा। इसका चौथा संस्करण, जिसे अब एक महान दौड़ कार्यक्रम के रूप में वर्णित किया जा सकता है, इसके अंतर्गत भारतीय सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों के प्रतिभागी शीर्ष धावकों और आउटडोर साहसिक उत्साही लोगों साथ कंधे से कंधा मिलाकर दौड़ते हुए दिखाई देंगे।

स्नो मैराथन टीम के आयोजकों में सम्मिलित शिप्रा और हिमाद्री के अनुसार, यह चरम उत्साह व जोश से कार्यक्रम निश्चित रूप से चरम आउटडोर खेल उत्साही लोगों के लिए लक्षित है।

## अनंतानंत सिद्ध भगवन्तों की आराधना में डूबे श्रावक श्राविकाएं

वेलकम इंडिया



**झांसी:-** महानगर के गांधी रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मन्दिर में मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज एवं मुनिश्री विबोधसागर जी महाराज के मंगल सान्निध्य एवं विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी नवीन भैया जी के मंत्रोच्चार निर्देशन में चल रहे सिद्धचक्र महामण्डल विधान के छठवें दिन श्रद्धालुओं ने इन्द्र इंद्राणियों के स्वरूप में अर्घ समर्पित करते हुए अनंतानंत सिद्ध भगवन्तों की आराधना में डुबकी लगाई। इस अवसर पर मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज ने अपनी दिव्यवाणी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मों को क्षय करने का सबसे उत्तम साधन है भगवान की आराधना, कर्म का उदय हो तो घर में सब प्रकार का द्रव्य होते हुए भी भोग नहीं सकते।। घर में सब प्रकार का भोजन होते हुए भी कोई बनाकर खिलाने वाला नहीं हो वह कर्म है। बाहर के लोगों को हम दुश्मन समझते है, जबकि सबसे बड़ा दुश्मन हमारे भीतर बैठा हमारा कर्म है। इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य पंचायत समिति के उपाध्यक्ष श्री रविन्द्र जैन रेल्वे ने प्राप्त किया। शास्त्र भेंट का सौभाग्य श्रीमति दीप्ति जैन मावा परिवार एवं श्री देवेंद्र जैन श्रीमति विमलेश जैन को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति से उपाध्यक्ष रविन्द्र जैन रेल्वे, बड़ा मन्दिर मंत्री सुनील जैनको, करगुंवा मंत्री संजय सिंघई, ऑडिटर राजकुमार भंडारी, दिनेश जैन ₹डीके₹ ने पूज्य मुनि श्री को आगामी महावीर जयंती के लिए श्रीफल अर्पित किया। प्रवचन सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रदीप जैन आदित्य, श्री पदमचंद्र मिठ्ठया, श्री रमेशचन्द जैन अछरौनी, आलोक जैन विश्वपरिवार, जितिन जैन, गौतम जैन, रवि जैन मगरपुर आदि उपस्थित रहे। संचालन पंचायत महामंत्री वरुण जैन ने किया।।

## जरूरतमंद बच्चों के रंग, पिचकरिया देकर होली का त्यौहार मनाया



वेलकम इंडिया

**झांसी!** इनरव्हील कर्तव्य क्लब की अध्यक्ष डॉ मोना कोहली के नेतृत्व में बंजारो की बस्ती में जरूरतमंद बंजारों के बच्चों के साथ उनका रंग, पिचकरिया और पकवान खिलाकर उनके साथ क्लब के मेंबर्स ने रंग बिरंगी होली का त्यौहार मनाया इस कार्यक्रम में शालिनी गुरबाक्षानी, ममता यादव, दीपा जैन, सारिका मल्होत्रा, रितु, माधवी, अमृता, आभा मित्तल, नेहा, आदि उपस्थित रहे अंत में क्लब की सचिव रश्मि अग्रवाल ने सबको अपना आभार प्रकट किया।

## धर्म व अध्यात्म के अलावा समाजसेवा के अनेकानेक कार्य कर रहे हैं श्रीमद्जगद्गुरु भैयाजी महाराज

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** चामुंडा मोड़-परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीशेष नारायण मंदिर (आनन्द धाम आश्रम) में चल रहे अष्ट दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव के समापन पर श्रीमद्जगद्गुरु विष्णु स्वामी विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (बल्लभगढ़ वाले) के पावन सानिध्य में श्रीहनुमद् आराधन मण्डल के द्वारा सामूहिक सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया गया।तत्पश्चात महामण्डलेश्वरों, श्रीमहंतों, महंतों, धमार्चार्यों व विद्वानों आदि का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में काशी से पधारी जगद्गुरु साईं मां ने कहा कि श्रीमद्जगद्गुरु विष्णु स्वामी विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (बल्लभगढ़ वाले) के द्वारा समूचे देश में धर्म व अध्यात्म के अलावा समाजसेवा के क्षेत्र में जो अनेकानेक सेवा कार्य किए जा रहे हैं, वो अति प्रशंसनीय हैं।उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाय, वो कम है। ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने ब्रज के प्रख्यात व सिद्ध संत पूज्य सतुआ बाबा महाराज की प्रमुख शिष्या जगद्गुरु साईं मां का सम्मान करते हुए कहा कि उनके द्वारा विदेशों में 15 से भी अधिक स्थानों पर अपने आश्रम संचालित कर प्राचीन सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।साथ ही उन्होंने विदेशों में भी असंख्य व्यक्तियों को प्रभु भक्ति के मार्ग से जोड़ कर उनका कल्याण किया है। महोत्सव में संत प्रवर स्वामी गोविंदानंद तीर्थ, महंत जयराम दास महाराज, महंत प्रहलाद दास महाराज, भागवत विदुषी कीर्ति किशोरी, महामंडलेश्वर स्वामी अरुणदास महाराज (हरिद्वार), महामंडलेश्वर नवल गिरि महाराज, वैष्णवाचार्य मारुतिनंदन वागीश महाराज, महन्त रामप्रकाश त्यागी महाराज, महन्त लक्ष्मण दास महाराज, महन्त श्यामदास महाराज, महन्त अभय दास महाराज, महन्त योगेंद्र दास महाराज (सखी बाबा), महन्त वेदबिहारी दास महाराज, महंत शिवदत्त प्रपन्नाचार्य, महंत श्यामदास महाराज, भागवताचार्य विपिन बापू, आचार्य देवांशु गोस्वामी, महंत बाबा संत दास महाराज, आर.एन. द्विवेदी (राजू भैया), पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा, पण्डित महेश भारद्वाज, श्रीराम मुद्गल, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इससे पूर्व रासाचार्य भुवनेश्वर वशिष्ठ एवं पण्डित श्याम सुन्दर ब्रजवासी ने संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य होली से सम्बंधित भजनों पदों व रसियाओं का गायन कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में पधारे सभी आगंतुक अतिथियों का श्रीशेष नारायण मंदिर (आनन्द धाम आश्रम) के संस्थापक अध्यक्ष श्रीमद्जगद्गुरु विष्णु स्वामी विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (बल्लभगढ़ वाले) ने ठाकुरजी का प्रसाद भेंट कर व माल्यार्पण कर स्वागत किया।महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।जिसमें सैकड़ों व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

## वैशाली सेक्टर-1 के बद्रीनाथ पार्क में ओपन जिम का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-1 स्थित बद्रीनाथ पार्क (टंकी वाला पार्क) में नगर निगम द्वारा ओपन जिम की स्थापना की गई, जिसका शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार मधु श्रीवास्तव और समाजसेवी बी.एस. चौहान ने नारियल फोड़कर किया।

यह जिम क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल के प्रयासों से लगवाया गया, जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने पार्षद का आभार प्रकट किया और उनके विकास कार्यों की सराहना की। पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने इस पहल के लिए महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस ओपन जिम से क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा और लोग आसानी से पार्क में व्यायाम कर सकेंगे। इस अवसर पर समाजसेवी और बीजेपी नेता समेत समाजसेवी सुभाष शर्मा, बी.एस. चौहान, बीजेपी नेता अवधेश कटियार, हरिओम गुप्ता, शिव शंकर उपाध्याय, मंगल सिंह, पवन गोसाई, के.एल. शर्मा, नरेंद्र वर्मा, एम.पी. पाठक, आनंद सिंह पवार, विजय पटवाल, डॉ. वासुदेव थपलियाल, सुरेंद्र प्रसाद थपलियाल, राजू पंजाबी, आनंद सिंह नेगी, सुंदरियाल आदि मौजूद रहे।

## मानक मित्रों की टीम ने भारतीय मानक ब्यूरो की गतिविधियों तथा उपभोक्ता संरक्षण की दी जानकारी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर संचालित क्वालिटी कनेक्ट अभियान के तहत मानक मित्रों की दो टीमों ने अलग अलग विभागों में विभागाध्यक्षों तथा उनके अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों से सामूहिक रूप से मुलाकात कर उनको भारतीय मानक ब्यूरो की गतिविधियों तथा उपभोक्ता संरक्षण की जानकारी दी तथा बताया कि यह अभियान व्यक्तियों को गुणवत्ता युक्त उत्पाद खरीदने में सहायता कर निमार्ताओं को उच्च मानकों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। मानक मित्रों की पहली टीम के सदस्य भावना पांडे, लक्ष्मी पपोला, सविता भौरयाल, अनीसा त्रिपाठी तथा नेहा ने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, वन विभाग, उद्यान विभाग आदि विभागों में तथा दूसरी टीम के सदस्यों पूनम धामी, नितिन गोस्वामी, पूजा परिहार, पूजा जोशी तथा निशा ने समाज कल्याण विभाग, युवा कल्याण प्रांतीय रक्षक दल विभाग, ग्रामीण निर्माण विभाग, मत्स्य पालन विभाग, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय, उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण उरेडा आदि विभागों में संपर्क कर बीआईएस केयर एप की जानकारी दी और उनके फोन में ऐप डाउनलोड कराया। तथा उनका क्वालिटी कनेक्ट ऐप में फीडबैक भी लिया गया। सायंकालीन सत्र में समस्त मानक मित्रो और रिसोर्स पर्सन दीप चन्द्र जोशी व संगम शाह ने जिला जज न्यायालय में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुंजन सिंह, सीनियर जज सिविल डिवीजन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयेंद्र सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती ऐश्वर्या बोरा, सिविल जज जूनियर डिवीजन पुनीत कुमार की उपस्थिति में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से की भूमिका तथा आईएसआई मार्क प्राप्त उत्पादों के महत्व पर चर्चा की। बीआईएस केयर एप की जानकारी भी दी। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 15 मार्च से पूर्व मानक मित्रो के द्वारा समस्त विभागो मैं विभाग प्रमुखों के माध्यम से अभियान संचालित किया जाएगा। भारतीय मानकों के प्रति जागरूकता से राज्य के औद्योगिक विकास एवं अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा नागरिकों के जीवन स्तर में भी सुधार होगा।

# प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत लखनऊ में मुख्यमंत्री के गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का देखा गया सजीव प्रसारण

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** होली के त्योहार के अवसर पर खुशियों के उपहार के रूप में प्रदेशवासियों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत 1890 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार लखनऊ में किया गया जिसका सजीव प्रसारण जनपद के क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में किया गया, कार्यक्रम के सजीव प्रसारण का अवलोकन राज्यमंत्री परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि राय साहब, विधायक सदर के प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, भाजपा जिला महामंत्री राजेश सिंह सहित प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लगभग 200 लाभार्थियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री एवं अन्य अतिथियों ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 508 रुपए सब्सिडी का डेमो चेक वितरण किया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने माताओं, बहनों एवं जनपदवासियों को होली की बधाई देते हुये कहा कि 01 मई 2016 को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की शुरूआत बलिया से प्रारम्भ की गयी थी। महिलाओं को लकड़ी से खाना बनाने में जो परेशानी एवं दिक्कते आती थी, लकड़ी से खाना बनाते समय जो धुआं निकलता था वह माताओं एवं बहनों का स्वास्थ्य खराब कर देता था इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी माताओं एवं बहनों को परेशानी से दूर करने के लिये प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की शुरूआत की थी। उन्होने कहा कि पहले गैस कनेक्शन लेने में काफी कठिनाई होती थी, सिलेण्डर लाइन लगाकर लेना पड़ता था, लेकिन जब से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आयी हर व्यक्ति चाहे वह गरीब हो या झोपड़ी में रहता हो आज उसके घर में गैस कनेक्शन और चूल्हा है। 10 करोड़ से ज्यादा माताओं बहनों को गैस सिलेण्डर प्राप्त हो चुका है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली एवं दीपावली पर्व के प्रदेशवासी प्रसन्नता एवं खुशहाली के साथ मनाये इसके लिये निःशुल्क सिलेण्डर देने का निर्णय लिया। गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का निःशुल्क पैसा सीधे लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्मय से भेजा जा रहा है। उन्होने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलायें आत्मनिर्भर हो रही है, हर क्षेत्र में महिलाये आगे बढ़ रही है, प्रदेश में कई प्रकार की योजनायें चलायी जा रही है जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर कार्य किया जा रहा है। परिवहन विभाग में कन्डेक्टर की भर्ती सीधे महिलाओं की लिये जा रही है, कोई भी महिला योग्य है कम्प्यूटर का ज्ञान है तो सीधे मेला लगाकर भर्ती की जा रही है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री चाहते है कि महिलायें केवल खाना बनाने तक न रहें बल्कि समाज के हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# एसपी/एडिशनल एसपी ने पुलिस बल के साथ पैदल फ्लैग मार्च निकाला

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह एडिशनल एसपी विनीत भटनागर ने पुलिस क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह सहित पुलिस बल के साथ आगामी त्योहार होली एवं ईदरको सकुशल सम्पन्न कराए जाने व जनपद में कानून एवं शांति/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनता में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से पैदल फ्लैग मार्च करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। और सर्किल गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्रान्तर्गत मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में आमजन से संवाद स्थापित कर सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखते हुए त्योहारों को आपसी सद्भाव, शान्तिपूर्ण सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गयी। तथा भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले



हिस्ट्रीशीटरों को चैक किया गया।एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्र में फ्लैग मार्च के दौरान थाना प्रभारी बहादुरगढ़, महेंद्र सिंह, सिंभावली सुमित तोमर,,बाबूगढ़ विजय कुमार कोगुप्ता, गढ़मुक्तेश्वर, नीरज कुमार ब्रजघाट चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# आँधीवाल आश्रम पर हुआ महादेव के भव्य दर्शन एवं बाल कुश्ती दंगल



वेलकम इंडिया

**हाथरस।** रंगभरनी एकादशी पर आँधीवाल आश्रम पर महाकाल महादेव के भव्य दर्शन एवं बाल कुश्ती दंगल हुआ। श्री गोविंद भगवान की डोलायात्रा पहुंचने पर रेवती मईया मेला के निर्देशक मुख्य अतिथि डा0 विकास शर्मा फोकस अल्ट्रासाउंड एवं मेलाध्यक्ष बिशन स्वरुप वार्ष्णेय जूस वालो एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। प्रबंधक रामगोपाल आँधीवाल एवं डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अतुल आँधीवाल एड ने किया एवं महाकाल की महाआरती मे सम्मिलित हुए।

# खोड़ा में बंद फ्लैट का ताला तोड़कर 6 लाख के गहने और नकदी ले उड़े चोर

**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बंद फ्लैट का ताला तोड़कर लाखों की चोरी को अंजाम दिया। इस घटना की जानकारी तब हुई जब पीड़ित की बहन ने घर का टूटा ताला देखा। चोरी में करीब 6 लाख रुपये मूल्य के गहने और नकदी चोर ले उड़े। खोड़ा कॉलोनी महालक्ष्मी गार्डन के अ-78, थर्ड फ्लोर निवासी अनिल कुमार (पुत्र लालचंद्र) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 मार्च को वह अपने ऑफिस गए थे। दोपहर 12 बजे जब उनकी बहन कॉलेज से लौटी, तो उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। घर की तलाशी लेने पर पता चला कि सोने की चेन (2 तोले) और सोने के झुमके (आधा तोला) गायब थे। चांदी के 4 सिक्के और एक चांदी का छोटा रथ भी चोरी हो गया। घर में रखा 22,000 रुपये नकद भी बैग समेत गायब था। घटना की सूचना मिलते ही खोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सकुशल सम्पन्न

वेलकम इंडिया,

**टाण्डा जिला रामपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार को सकुशल संपन्न हो गईं।अंतिम दिन हाईस्कूल के परीक्षार्थियों ने उर्दू विषय और इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी।नगर सहित क्षेत्र के किसी भी परीक्षा केंद्र से किसी प्रकार की कोई अनियमितता की शिकायत नहीं मिली।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी से आरंभ होकर बुधवार 12 मार्च को सफलतापूर्वक संपन्न हो गईं। परीक्षाओं को नकलविहीन और शुचितापूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा कठोर इंतजाम किए गए थे। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, वॉइस रिकॉर्डर और हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी जैसी तकनीक का उपयोग किया गया।परीक्षा केंद्रों पर त्रिस्तरीय निगरानी



व्यवस्था स्थापित की गई है, जिसमें परीक्षा केंद्र स्तर, जिला स्तर और यूपी बोर्ड मुख्यालय स्तर पर कंट्रोल रूम बनाये गए।

जिला, अनुभाग और ब्लॉक स्तर पर निगरानी के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया था।जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा को पारदर्शी बनाने में जुटे रहे।इन कदमों के फलस्वरूप परीक्षाएं शांतिपूर्ण और नकलविहीन तरीके से संपन्न हुईं। नगर स्थित सनराइज कॉलेज की प्रबंधक सरताज जहां रहमानी ने परीक्षाओं में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए उनके अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण होने के साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# दुष्कर्म के आरोपी प्रधानाध्यापक को बीएसए ने किया निलंबित

**टाण्डा जिला रामपुर।** महिला से दुष्कर्म के आरोप में जेल गए प्रधानाध्यापक को बीएसए ने निलंबित कर दिया है।साथ ही विभागीय जांच के लिए जांच अधिकारी भी नामित कर दिए हैं।हेड मास्टर पर कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली प्रकार निर्वहन न करने का भी आरोप है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कम्पोजिट विद्यालय चक गजरौला के प्रधानाध्यापक पर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 मार्च को खेड़ा गजरौला की पुलिया के पास से आरोपी प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया। वहीं स्वार के खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने आरोपी प्रधानाध्यापक के निलंबन की आख्या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपी।जिसके आधार पर बीएसए ने प्रधानाध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

# कांधला नगर हमेशा से हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक रहा, नावेद जंग



वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना प्रांगण में होली पर्व और जुम्मे की नमाज को शांति पूर्वक कराने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में दोनों समुदाय के दर्जनों लोगों ने पहुंचकर अपने-अपने विचार रखें, बैठक में दोनों समुदाय से दर्जनों लोग मौजूद रहे।बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने कहा कि शासन की ओर से गाइडलाइन जारी हुई है की होली का पर्व 1:30 बजे तक होली खेली जाएगी और 2:00 बजे के बाद जुम्मे की नमाज अदा कराई जाएगी सभी नगर एवं क्षेत्रवासी गाइडलाइन का पालन करें और पुलिस का सहयोग करें और आगामी त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की नजर है होली का त्योहार रंगों का त्यौहार है भाईचारे का संदेश दे।पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने कहा कि आगामी 14 मार्च को होली पर्व है और उसी दिन जुम्मे की नमाज अदा होनी है दोनों समुदाय के लोग आपसी भाईचारे को कायम रखते हुए जुम्मे की नमाज अदा करें और होली पर्व मनाए। शासन की जो गाइडलाइन है उसका पूर्ण रूप से पालन करें नगर में बिजली पानी की व्यवस्था दुरुस्त रहेगी। कांधला विकास मंच के महासचिव नावेद जंग का कहना है कि कांधला नगर हमेशा से हिंदू मुस्लिम भाईचारे का प्रतीक रहा है, कांधला नगर में कभी भी हिंदू मुस्लिम की बात नहीं हुई है इस बार भी होली पर्व एवं जुम्मे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न होगी। नगर एवं क्षेत्र के लोग दोनों समुदाय के त्योहार मिलजुल कर मनाते हैं और उनमें शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि ना हिंदू बुरा है ना मुसलमान बुरा है अपनी पर आ जाए तो वह इंसान बुरा है। इस दौरान बैठक का संचालन समाजसेवी आसिफ बैंग के द्वारा किया गया बैठक में सभासद यशु सैनी, हारून राणा, नासिर, अमन मित्तल, सर्वेश वर्मा, गय्यूर सिद्दीकी, बिलाल मिर्जा, अनिल बोहरा, आबिद मंसूरी, सहित दोनों समुदाय के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# बारह घंटे से कम समय में लूट का खुलासा, मुठभेड़ के दौरान बदमाश गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**कांधला।** आशा कार्यकर्त्ती से लूट के मामले का पुलिस ने बारह घंटे से भी कम समय में खुलासा करते हुए लूट में शामिल बदमाश को मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदमाश के पास से चोरी की बाइक, तंमचा, जिंदा कारतूस व खोखे के साथ लूटा गया मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस घायल बदमाश को जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

नगर के मौहल्ला रायजादगान निवासी शिव कुमार सैनी की पत्नी सविता सैनी नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आशा के पद पर कार्यरत है। मंगलवार की शाम लगभग पांच बजे वह अपना कार्य पूर्ण करके वापस अपने घर लौट




रही थी। घर से चंद कदम पहले ही एक युवक ने उसका पर्स व मोबाइल छीन लिया था और मौके से फरार हो गया था। घटना पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। घटना के बाद पीडिता ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करते हुए जल्द ही पीडिता को घटना के खुलासे का आश्वासन दिया था। बुधवार की अल सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध युवक खन्द्रावली नहर की पटरी के समीप किसी घटना को अंजाम देने के उदेदश्य से खडा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार ने खन्द्रावली चौकी प्रभारी पुष्पेन्द्र कुमार व पुलिस टीम को साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचे तो वहां खडे युवक ने पुलिस टीम को देखते हुए भागने का प्रयास किया। पुलिस के द्वारा पीछा करने पर युवक ने पुलिस के ऊपर फायर झोंक दिया। जिस पर पुलिस के द्वारा जबाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई। जिसके बाद घायल बदमाश को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय में भेज दिया गया। पूछताछ के दौरान युवक ने मंगलवार को महिला से हुई लूट की घटना को कबूलते हुए महिला से लूटा गया मोबाइल बरामद करा दिया।

# भाई भतीजो पर मारपीट करने का आरोप

वेलकम इंडिया

**कांधला।** क्षेत्र के गांव खेडाकुर्तान निवासी शीशपाल पुत्र रतिराम ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसने अपने खेत में बाबा गोरखनाथ का डेरा बनाया हुआ है। जहां पर रहकर वह उनकी सेवा करता है, वह उक्त स्थान पर बाबा गोरखनाथ का मंदिर बनाना चाहता है। बुधवार को वह अपने खेत में स्थित डेरे पर मौजूद था इसी दौरान उसका भाई ब्रहमपाल, अपने पुत्र शेखर व एक अन्य साथी कुलबीर पुत्र पवन ग्राम खटगेडी सहारनपुर के साथ लाठी डंडे लेकर आया तथा गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है।



पीडित ने शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# जल भराव से होकर गुजर रहे स्कूल के बच्चे निस्तारण की मांग

वेलकम इंडिया

**कांधला।** सड़क पर गंदे पानी भरने से हो रही परेशानियों के चलते पीडितों ने नगर विकास मंत्री के साथ उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर निस्तारण की मांग की है।

नगर के गंगेरू रोड मौहल्ला खैल के दर्जनों लोगों ने नगर विकास मंत्री, जिलाधिकारी व नगर पालिका अध्यक्ष को शिकायती पत्र भेजा है। वार्डवासियों का आरोप है कि वार्ड नंबर 08 व 15 के मध्य में एक रास्ता गंगेरू रोड से हजीरे की तरफ जाता है। जिस पर वहां के निवासी कुछ लोगों के द्वारा अपने घरों के पानी की निकासी सुचारू ना कराते हुए गंदा पानी रास्ते पर छोडा हुआ है। जिसके चलते पिछले दो सालों से उक्त रास्ते की हालत अत्यन्त दयनीय है। आरोप है कि स्कूल के सामने बनी डेयरी से व मकान से निकलने वाले मल मूत्र व गंदा पानी स्कूल जाने वाले रास्ते के सामने एकत्रित हो जाता है।

# नर्सिंग स्टाफ हॉस्पिटल का मुख्य स्तम्भः डॉ अलका

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** खिलखिलाते मुस्कुराते चेहरे, थिरकते कदम, रैंप पर अदाओं का जलवा, हवा में बिखरते रंग और सारी टेंशन भूलकर हुल्लड़ मचाते युवा। मौका था महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग स्टूडेंट्स की फ्रेशर पार्टी का जहां विद्यार्थियों ने ओ पी जिंदल ऑडिटोरियम में हर शख्स को अपने रंग में रंग दिया। एक ओर विद्यार्थियों ने नृत्य और गायन की विभिन्न प्रस्तुतियों से अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया वहीं दूसरी ओर फैशन रैंप वॉक ने शाम में चार चांद लगा दिए। युवा जोश और प्रतिभा ने महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के प्रांगण को खुशी और मस्ती से भर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय



निदेशक डॉ अलका छाबड़ा व प्रशासनिक निदेशक डॉ आशुतोष शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि डॉ अलका छाबड़ा ने उपस्थित फैकल्टी और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन सबके लिए यादगार है। यह महाविद्यालय आपके विकास को नए आयाम देते हुए आपके सपने पूरे करेगा। उन्होंने कहा कि नर्सिंग स्टाफ किसी भी हॉस्पिटल का मुख्य स्तंभ होता है। उन्होंने जीएनएम व नर्सिंग फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी के अच्छे भविष्य की मंगलकामना की। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ आशुतोष शर्मा ने कहा कि युवा जोश और प्रतिभा ने उन्हें उनकी फ्रेशर्स की याद दिला दी। उन्होंने कहा कि कॉलेज के दिन जिंदगी के सबसे यादगार दिन होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल करने और अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में नर्सिंग प्रिंसिपल डॉ प्रोमिला पांडे ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के आकर्षण कार्यक्रम की शुरूआत में एनर्जेटिक गणेश वंदना ने एक ओर जहां सभी में जोश भर दिया तो वही मुख्य आकर्षण रानी लक्ष्मी बाई डांस और बॉलीवुड डांस रहे। वही होली के अवसर पर राधाकृष्ण के नृत्य से रंग और गुलाल उड़ाकर पूरे सदन को होली के रंग में रंग दिया। इस दौरान फाइनल राउंड में जज द्वारा किए गए सवालों का भी प्रतिभागियों ने काफी बेहतरीन जवाब दिया। श्रुति, अंकिता और रमन के सर सजा मिस्टर-मिस फ्रेशर का ताज फ्रेशर पार्टी में अलग-अलग मानदंडों पर जजीज ने मिस्टर और मिस फ्रेशर की घोषणा की। बीएससी से श्रुति और निर्जला क्रमशः मिस फ्रेशर और रनर अप रहे हैं तो वहीं जीएनएम गर्ल्स में अंकिता मिस फ्रेशर और परी रनर अप रहे और बॉयज में रमन मिस्टर फ्रेशर और मनोज रनर अप रहे। इस दौरान कार्यक्रम में महाविद्यालय निदेशक डॉ अलका छाबड़ा, निदेशक प्रशासन डॉ आशुतोष शर्मा, डॉ मोनिका जैन, डॉ सीमा, डॉ रोज मैरी, डॉ सम्रता, डॉ प्रोमिला पांडे, डॉ पवन अग्रवाल, डॉ निधि, पूनम शर्मा, अनुप्रभा, नीलम, दीक्षा, ललिता, प्रियंका, आशा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# गीता शोध संस्थान ने चलाया गीता का ज्ञान-सफलता की पहचान कार्यक्रम

वेलकम इंडिया

**मथुरा/वृंदावन।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वृंदावन के द्वारा विभिन्न विद्यालयों में श्रीमद्भगवद्गीता के प्रचार प्रसार की श्रृंखला में गीता का ज्ञान-सफलता की पहचान कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

गौरांग इंस्टीट्यूट फॉर वेदिक एजुकेशन (गिव गीता संस्था) के संयुक्त तत्वावधान में उच्च प्राथमिक विद्यालय तेहरा में गिव गीता संस्था के संस्थापक अध्यक्ष विश्व विख्यात डॉ वृंदावन चंद्र दास जी महाराज के परम प्रिय शिष्य श्री अवतारी कृष्ण दास प्रभु द्वारा गीता व्याख्यान आयोजित हुआ। इस आयोजन में लगभग 150 विद्यार्थियों ने अपने शिक्षा गुरुओं के साथ भाग लिया और



प्रभु जी द्वारा व्याख्यान के दौरान प्रश्नोत्तरी में सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। गीता डायरेक्टर प्रोफेसर दिनेश खन्ना जी के निर्देशन में यह कार्यक्रम चल रहा है। श्री अवतारी कृष्ण दास जी ने गीता का ज्ञान सफलता की पहचान के उद्घोष के साथ बच्चों को सभी के जीवन में गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मनुष्य मात्र का परम उद्देश्य है सुख प्राप्त करना। सभी मनुष्य ऐसा सुख प्राप्त करना चाहते हैं जो अविच्छिन्न, शाश्वत और अनवरत मिले। वह ऐसा सुख चाहता है जो दुख से अछूता हो। इसी सुख को ब्रह्मानंद सुख कहा गया है। आनंद घन भगवान को प्राप्त करने का एकमात्र साधन स्वयं भगवान श्री कृष्ण द्वारा श्रीमद् भगवत गीता में अर्जुन को बताए गए उपदेश में मनुष्य मात्र का उद्धार निहित है। अकादमी से आए हुए रासाचार्य स्वामी घनश्याम भारद्वाज जी ने बच्चों को प्रेरित किया कि वे सभी अपने गुरु वर्ग का आदर करें और प्रतिदिन अपने माता-पिता के चरण स्पर्श करके विद्यालय में आवे।

इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्या श्रीमती मोनिका शर्मा, मल्लिका चटर्जी, श्रीमती मुकेश, कमलेश कुमारी, सरिता जोशी, मोहन सिंह, सुनीता आदि की उपस्थिति रही। इस संबंध में गीता शोध संस्थान वृंदावन के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने बताया कि गीता के प्रचार-प्रसार का यह कार्यक्रम गीता का ज्ञान- सफलता की पहचान नाम से लगातार चल रहा है।

# अनियंत्रित ट्रक दुकान को तोड़ते हुए पेड़ से टकरा कर पलटा, चालक व खलासी जख्मी

वेलकम इण्डिया



**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बिस्कोहर - इटवा मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक होटल की दुकान को तोड़ते हुए पेड़ से टकरा कर पलट गया। हादसे में चालक व परिचालक मामूली रूप से जख्मी हो गए।

घटना बुधवार सुबह साढ़े छ बजे के करीब की है। ट्रक मुरादाबाद से परचून का सामान लेकर सोनौली जा रहा था। जैसे ही वह बिस्कोहर - इटवा मार्ग पर कठौतिया रामनाथ गांव के पास पहुंचा कि चालक को झपकी आने से ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के दक्षिण गांव निवासी ढुंनमुन यादव के झोपड़पट्टी में बने होटल की दुकान को टक्कर मारते हुए सड़क के उत्तर लगे अर्जुन व आम के पेड़ो को तोड़ते हुए जा पलटा। हादसे में चालक व परिचालक को सर व आंख के पास चोट लगने से वह मामूली रूप से जख्मी हो गए। गनीमत रही कि उस समय होटल की दुकान बंद थीं और आसपास भी कोई नहीं था वरना बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रक चालक अपना नाम न बताते हुए कहा कि वह मुरादाबाद से परचून का सामान लेकर सोनौली जा रहा था। हादसे के बाद वह और खलासी केबिन में फंस गया था। आसपास के लोगों ने गाड़ी का शीशा तोड़कर बाहर निकाला है।

# वाराणसी में बड़ा सड़क हादसा, हाईवे से खाई में गिरी रोडवेज बस, 1 की मौत, 20 घायल, मची चीख - पुकार




वेलकम इंडिया

**वाराणसी।** चोलापुर में बुधवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, यहां एक रोडवेज बस अनियंत्रित होकर हाईवे से खाई में गिर गई। यह दुर्घटना चोलापुर थाना क्षेत्र के गोलाबाजार के पास हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य यात्री घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस (यूपी 65 इटी 7199) वाराणसी से आजमगढ़ जा रही थी। दोपहर करीब 1 बजे जब बस गोलाबाजार के पास पहुंची, तभी ड्राइवर का नियंत्रण खो गया और बस सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे के तुरंत बाद चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही चोलापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए दीनदयाल जिला चिकित्सालय भेजा गया। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। हादसे की गंभीरता को देखते हुए सारनाथ एसीपी डॉ. अतुल अंजान त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में उमड़ा श्रद्धालुओ का जनसैलाब

वेलकम इंडिया

**नूरपुर :** जनपद बिजनौर के बहुचर्चित ग्राम राजा का ताजपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संगीतमय सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ जिसका वाचन कथा सुप्रसिद्ध कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित दीपक कृष्ण संखधार के मुखारविंद से हुआ। आचार्य पंडित दीपक कृष्ण संखधार ने भागवत कथा के दौरान भगवान के सुंदर-सुंदर लीलाओं के वर्णन के साथ-साथ भक्तों को राष्ट्र प्रेम करने राष्ट्र भक्ति से जुडने समाज में अच्छा कार्य करने का संदेश दिया। कथा के यजमान संजीव वालिया शोभा वालिया, सत्येन्द्र आर्य पूनम आर्य, शुभम वालिया काव्या वालिया, प्रदीप अग्रवाल, अनिल चौधरी, राजेश यादव, सुरेश सैनी, हेमन्त त्यागी, निर्दोष गुप्ता, रामपाल तोमर, श्रवण कुमार, जोगेंद्र सिंह चौहान, ऊषा रानी, आदि रहे। कथा में पहुंचे विशिष्ट अतिथियो का आयोजको ने पटका पहनाकर एवं श्रीमद् भागवत



गीता भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया जिसमें नूरपुर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, अनिल जुनेजा, तुषार जुनेजा, दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के अध्यक्ष डॉ० आदित्य अग्रवाल, पूर्व छात्र परिषद के जिला संयोजक अंकित राणा, डा० मनोज वर्मा आदि अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। चतुर्थ दिवस की कथा में कृष्ण जन्म की कथा के अवसर पर अक्षत वालिया पुत्र शुभम वालिया को कृष्ण रूप बनाकर झांकी का दर्शन भक्तों को कराया गया, जो आकर्षण का केंद्र रही। विश्राम दिवस की कथा के अवसर पर सुदामा चरित्र की कथा सुनाकर आचार्य दीपक कृष्णा संखधार के कर कमलो से कार्यकताओं सहयोगियों एवं समाज के सम्मानित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया और ब्रज की होली खोली गई, ताजपुर वासियों ने व्यास एवं उनकी टीम को विदाई दी। इस अवसर पर अशोक कुमार त्यागी, अरुण गिरी, विजेंद्र शर्मा, डा० रोहतास सिंह, डा० ऋषिपाल सिंह, सरदार सतवेंद्र गुजराल आदि उपस्थित रहे सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का संचालन काव्य शैली में मंच संचालक शुभम वालिया ने किया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने सदस्यगणों, अधिकारीगण व कर्मचारीगण को सम्मानित कर खेली होली



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जिला पंचायत कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया और जिला पंचायत कार्यालय में उपस्थित जिला पंचायत सदस्यगणों, जिला पंचायत के अधिकारीगण व कर्मचारीगण व छेत्र से आए सम्मानित लोगों को जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर हुड ने गुलाल लगाकर होली खेलते हुए शोल उड़ा कर सम्मानित करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा नेता समाजसेवी प्रमोद नागर, जिला पंचायत सदस्य, सतीश प्रमुख, सुरेश तोमर, सुमित सिसौदिया, हरिओम सिंह, राशिद अली, रविन्द्र सिंह, इस्ते प्रधान, सुभाष प्रधान, उमेश देवी, शिखा तोमर, पूजा बंसल, नरेन्द्र चन्देला, देवेन्द्र प्रधान, राजेन्द्र प्रधान, सतवीर नेता, ललित नागर, रोहन नागर, सागर हूण, अमरीश खारी एवं जिला पंचायत के अधिकारीगण व कर्मचारीगण एवं छेत्र से आए सम्मानित भाई उपस्थित रहे।

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया रंगों का पर्व होली

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में होली के पावन पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बच्चों ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सपना अहलावत ने होली के धार्मिक और सामाजिक महत्व के बारे में बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, जो बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है।

इसके अलावा, बच्चों को विभिन्न रंगों के महत्व के बारे में भी बताया गया कि किस प्रकार ये हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और खुशहाली लाते हैं।

# होली व रमजान को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस उपाधीक्षक ने कोतवाली में वरिष्ठ नागरिकों व शांति समिति सदस्यों के साथ की गोष्ठी

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता,** कोतवाली पुलिस क्षेत्र में नगर में होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से दोनों धर्मो के लोगों द्वारा आपसी भाईचारे के साथ होली और रमजान पर्व मनाने के लिए व पुलिस उपाधीक्षक अजय लाल शाह द्वारा कोतवाल कैलाश सिंह नेगी की उपस्थिति में आगामी होली पर्व व रमजान माह व जुम्मे की नमाज के दौरान शांति/कानून व्यवस्था के दृष्टिगत कोतवाली क्षेत्र के शांति कमेटी सदस्यों सीएलजी सदस्यों एवं समुदाय महत्वपूर्ण/संभ्रांत नागरिकों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएलजी सदस्यो द्वारा समिति के सदस्यों को त्योहारों के दृष्टिगत सामाजिक सौहार्द व धार्मिक सहिष्णुता बनाए रखे जाने



के संबंध में चर्चा की गई। उक्त गोष्ठी में कोतवाली क्षेत्र के मंदिर एवं मस्जिद कमेटी आदि के महत्वपूर्ण व संभ्रांत नागरिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं सभी के द्वारा आगामी पर्वों को सौहार्द पूर्वक संपन्न किए जाने का आश्वासन दिया गया। सीओ अजय साह द्वारा त्यौहारों के दौरान हुडदंग, अराजकता करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की भी चेतावनी दी गई। मौजूद सभी लोगो को नशे के दुष्प्रभाव, यातायात नियमों, नवीन कानून, साइबर अपराध आदि विषयों के सम्बन्ध भी जानकारी देकर जागरुक किया गया एवं कोतवाली पर उपस्थित सीएलजी सदस्यों सीनियर सिटीजनों द्वारा अपनी समस्याएं बताई गई। जिसको सीओ साह द्वारा जल्द निराकरण किए जाने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर व्यापार मंडल उपाध्यक्ष हेम जोशी, सहित वरिष्ठ न्यास समिति के अध्यक्ष दलीप सिंह खेतवाल, इंद्र सिंह परिहार, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष हरीश सोनी, बालादत्त तिवारी, सहायक सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन रमेश तिवारी, एसएसआई खष्टी बिष्ट, महिला हेल्पलाइन प्रभारी मीना रावत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# यू० पी० बोर्ड की अंतिम परीक्षा देने वाले छात्रों पर पुष्प वर्षा कर दी विदाई



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** अमरगढ़ स्थित जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में यू० पी० बोर्ड की अंतिम परीक्षा देने वाले छात्रों पर स्कूल स्टाफ ने पुष्प वर्षा कर दी विदाई बुधवार को बोर्ड परीक्षा की अंतिम परीक्षा थी जिसको यादगार बनाने के लिए विद्यालय की तरफ से चाक चौबंद व्यवस्था की विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी स्टेटिक मजिस्ट्रेट अनिल शर्मा अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक राजकुमार ने स्वयं छात्रों पर पुष्प वर्षा की उसके बाद विद्यालय परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया विद्यालय के समस्त स्टाफ ने एक दूसरे को तिलक लगाकर होली की शुभकमनाएं दी

विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी ने शांतिपूर्ण तारिके से परीक्षा संपन्न होने पर पुलिस बल व समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा



वेलकम इंडिया

**चाँदपुर।** पत्रकार परिषद की बैठक में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया गया और हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी, मृतक के आश्रितों को दस करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की गई।

बैठक के उपरान्त तहसील पहुंचकर परिषद के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। साथ ही उप जिलाधिकारी को वन क्षेत्राधिकारी चाँदपुर के खिलाफ कार्यवाही न होने पर वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर धरना - प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज के सामने सच्चाई उजागर करने पर सीतापुर जनपद में दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई की गोली मारकर निर्मम तरीके से हत्या की गई है। इस दौरान वक्ताओं ने दोषी दरिंदो को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने, उनके घरों पर बुल्डोजर चलाए जाने, उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने, मृतक पत्रकार के परिजनों को दस करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाये जाने की मांग उठाई। पत्रकार परिषद के अध्यक्ष मोहम्मद अजमल की अध्यक्षता और महामंत्री अजय कौशिक के संचालन में हुई बैठक को संरक्षक नरेश जावा, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा उर्फ जीतू, संगठन महामंत्री डॉ० मनोज कटारिया एवं आडिटर सुभाष जावा आदि पत्रकार उपस्थित रहें। बैठक के उपरान्त पत्रकार परिषद का एक प्रतिनिधि मंडल उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचा और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम नितिन तेवतिया को सौंपते हुए सीतापुर जनपद के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी के हत्यारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही कराने एवं पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। साथ ही 17 फरवरी को उप जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन के वाबजूद अभी तक वन क्षेत्राधिकारी के खिलाफ कोई कार्यवाही न होने पर गहरा रोष व्यक्त किया और वन क्षेत्राधिकारी के खिलाफ शासन- प्रशासन से कठोर कानूनी कार्यवाही कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि सात दिन के अंदर कोई कार्यवाही नहीं हुई तो पत्रकार परिषद सामाजिक संगठनों को सात लेकर वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर धरना- प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होंगी।

# 3 लाख रुपये उधार लेकर नहीं लौटाए, पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने जानकार पर तीन लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। नौ माह पूर्व लिए पैसे आरोपी ने दो तीन माह में वापस करने का वादा किया था। आरोप है कि अब वह पैसे देने से साफ इंकार कर रहा। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है।

लाजपतनगर निवासी सिकंदर खान ने पुलिस को बताया कि उसने अपने जानकार जितेंद्र माहेश्वरी निवासी शालीमार गार्डन को जरूरत के समय नौ माह पूर्व तीन लाख रुपये चेक के माध्यम से उधार दिये थे। जितेंद्र ने इस दौरान दो से तीन माह में सारे पैसे वापस करने का आश्वासन दिया था। सिकंदर का आरोप है कि समय पूरा होने पर पैसों का तकादा किया तो शुरू में वह आनाकानी करने लगा और ज्यादा दबाव बनाने पर आरोपी ने पैसे देने से साफ इंकार कर दिया और कह दिया कि जो करना है कर ले, पैसे नहीं मिलेंगे।

# मन्दिर केवल पूजा के स्थान नहीं ये समाज की जागृति के भी केंद्र हैं: अतुल कृष्ण भारद्वाज

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर परतापुर की सहायतार्थ राम कथा में आज रामकथा में कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा के आध्यात्मिक गुरु व इनको कथा करने की प्रेरणा देने वाले पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे मन्दिर केवल पूजा करने का स्थान नही हैं हमारे मन्दिर समाज सेवा व समाज की जाग्रति के केन्द्र बनने चाहिए। कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम गृहस्थ लोगो की जिम्मेदारी है की गुरु और पुरोहित के जीवन यापन की व्यवस्था करे जिससे वो अपने शास्त्र ०राष्ट्र को बचाने के लिए युवाओं को संस्कारित कर सके । गुरु की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि जो हमें भगवान से परमात्मा से जोड़े वही गरु हो सकता है जो वेदों और सनातन परम्परा से तोडकर अपने से जोड़े वो गुरु नही हो सकता। हनुमानजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए महाराज जी ने कहा कि माता सीता जी का जन्म प्रकृति की कोख से और हनुमानजी का जन्म प्रकृति की गोद में हुआ है इसलिए सीता जी स्वयं प्रकृति हैं और हनुमानजी उंनके रक्षक हैं हनुमानजी हमें सन्देश देते कि जो समस्त संसार की अर्थात पशु पक्षि जीव जंतु कीट पतंगे पेड़ पौधे सब में परमात्मा का वास मानकर उनकी सेवा करता है भगवान ऐसे सेवक पर प्रेम और कृपा की वर्षा करते हैं। कथा के विराम के बाद विद्यालय की समिति की ओर से धन्यवाद देते हुए अजय वीर तेवतिया ने कहा की ग्राम विकास समिति द्वारा जो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चलाए जा रहे हैं उनको समाज सबल करें ताकि यह विद्यालय समाज की नई पीढ़ी को संस्कारित करने का काम कर सके। रामकथा एवं विद्यालय के लिए जिन लोगों ने भी शारीरिक और आर्थिक रूप से जो सहयोग किया है उसके लिए सभी का धन्यवाद दिया। उपेंद्र तोमर, ओमपाल प्रधानाचार्य, राजकुमार, डॉक्टर कवेंद्र व डॉक्टर देवेंद्र व अन्य लोगों ने महाराज जी का सम्मान किया। आज कथा में मुख्य यजमान निशांत सिसोदिया ( ब्लॉक प्रमुख धौलाना)व अजीत तोमर भाजपा, विपिन चौधरी (पूर्व ब्लाक प्रमुख) नरेश तोमर संदीप चौधरी गाजियाबाद व अन्य लोगों में उपस्थित रहे।

# ऐसे भी होते हैं अफसर, अयोध्या के एसडीएम सदर विकास धर दुबे ने बदली प्रशासन की परिभाषा

वेलकम इंडिया अयोध्या



क्या कोई अधिकारी इतना सहज, ईमानदार और जनता के प्रति समर्पित हो सकता है कि लोग खुद उसकी तारीफ करने लगें? क्या प्रशासनिक कुर्सी पर बैठा व्यक्ति सच में जनता का सेवक बन सकता है? अगर आपको इन सवालों के जवाब नहीं मिल रहे, तो अयोध्या के एसडीएम सदर विकास धर दुबे से मिलिए।

जब से उन्होंने अयोध्या सदर में कार्यभार संभाला है, तब से आम जनता की समस्याओं के समाधान के प्रति उनकी तत्परता और संवेदनशीलता चर्चा का विषय बनी हुई है। क्या यही वो बदलाव नहीं है, जिसका लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे? जनता से सीधा जुड़ाव झ क्या हर अधिकारी ऐसा कर सकता है? एसडीएम सदर विकास धर दुबे न केवल सरकारी कार्यों को तेज गति से निपटाने में दक्ष हैं, बल्कि जनता दरबार में उनकी सहजता और संवेदनशीलता देखते ही बनती है। उनके पास अपनी समस्या लेकर आने वाला व्यक्ति यह महसूस करता है कि वह किसी अधिकारी से नहीं, बल्कि अपने ही किसी परिजन से मिल रहा है। क्या यही वो प्रशासनिक मॉडल नहीं है, जिसकी जरूरत पूरे देश को है? भ्रष्टाचार और अराजक तत्वों पर सख्त झ क्या हर अफसर में इतनी हिम्मत है? भू-माफिया, अराजक तत्वों और अवैध गतिविधियों पर उनकी लगातार हो रही कार्रवाइयों से यह साफ है कि वे भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ कितने सख्त हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन' के सपने को जमीन पर उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। क्या यह दिखाता नहीं कि अगर एक अधिकारी ठान ले तो व्यवस्था बदल सकती है? क्यों लोग कहते हैं झ रपहले ऐसा एसडीएम कभी नहीं देखा! वरिष्ठ वकीलों और अधिकारियों का भी मानना है कि एसडीएम सदर विकास धर दुबे ने प्रशासनिक प्रक्रिया को सुचारु और प्रभावी बना दिया है। जहां पहले महीनों तक फाइलें टेबल पर धूल फांकती थीं, अब वहीं किसी भी व्यक्ति की अजी या फाइल बेवजह लंबित नहीं रहती।

# बीजेपी विधायक संजीव शर्मा के होली मिलन कार्यक्रम में जमकर बरसा अबीर-गुलाल



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर में होली की उमंग जोरों पर है और इसी कड़ी में बीजेपी विधायक एवं महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में ठोल-नगाड़ों की गूंज और फूलों की वर्षा के बीच बीजेपी कार्यकताओं ने जमकर रंग खेला और उत्साह के साथ होली के गीतों पर थिरकते नजर आए।

कार्यक्रम में सांसद-विधायक के अलावा पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, पूर्व महापौर आशु वर्मा, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस.पी.सिंह, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, एडीएम सिटी गंभीर सिंह, डिप्टी मेयर राजीव शर्मा, पूर्व डिप्टी मेयर सुनील यादव, वरिष्ठ बीजेपी नेता पृथ्वी सिंह के अलावा बीजेपी के तमाम पार्षद और पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति रही हनुमानजी का रूप धारण किए कलाकार, जिसने राम-हनुमान पर आधारित भजनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान बैंड-बाजे, नगाड़े और डीजे ने पूरे माहौल को होली के रंगों से सराबोर कर दिया। इस भव्य आयोजन में रालोद नेता इंदरजीत सिंह टीटू, कांग्रेस के पूर्व पार्षद श्रीकांत शर्मा और सिहानी गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनुराग गर्ग सहित कई व्यापार मंडल पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम, मतदान केन्द्र मतदेय स्थल के सम्बन्ध में सुझाव आदि पर किया विचार

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** उप जिलाधिकारी मोदीनगर डा0 पूजा गुप्ता द्वारा बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का परिचय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ के कम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी गाजियाबाद के अनुपालन में आहूत बैठक में उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम, मतदान केन्द्र मतदेय स्थल आदि के सम्बन्ध में उक्त उपस्थित प्रतिनिधिगणों से निर्वाचन आयोग के पत्र के कम में सुझाव आदि पर विचार किया गया। अवगत कराया गया कि आप सभी प्रत्येक बूथ पर बूथ लेविल एजेन्ट की तैनाती अवश्य करें और उसकी सूची अद्योहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध अवश्य कराये ताकि उक्त सूची समस्त बी०एल०ओ० को उपलब्ध कराकर पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं के सत्यापन सम्बन्धी कार्यो को सुचारू रूप से सम्पादित करते हुए त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार करानें में सहयोग प्राप्त किया जा सके। श्री अमित चौधरी भारतीय जनता पार्टी द्वारा सैदपुर हुसैनपुर डीलना के मजरे डीलना के मतदाताओं को मतदान करनें हेतु सैदपुर हुसैनपुर मजरे प्रथमगढ़ में जाना पड़ता है जोकि लगभग 2 से 2.5 किमी0 की दूरी पर है जिससे मतदातओं को असुविधा होती है तथा मजरे डीलना में मतदान केन्द्र बनानें हेतु सुझाव दिया गया। इसी प्रकार श्री सतेन्द्र तोमर राष्ट्रीय लोकदल द्वारा सुझाव दिया गया कि मतदाता सूची में गलत नाम हटाये जाये जिससे मतदाता सूची शुद्ध हो सके।अभिषेक खन्ना समाजवादी पार्टी सुझाव दिया गया कि आदर्श नगर के मतदाताओं को मतदान हेतु डिग्री कालेज में जाना होता है जबकि आदर्श नगर में मतदान केन्द्र बनाने हेतु सरकारी स्कूल उपलब्ध है। इसलिए मतदाताओं की सुविधा हेतु आदर्श नगर में मतदान केन्द्र बनाया जाये। उक्त के अतिरिक्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उपजिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय / राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रत्येक पुनरीक्षण के आलेख्य प्रकाशन के पूर्व आलेख्य मतदाता सूची की प्रतियों तथा अन्तिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली की प्रति निःशुल्क प्राप्त कराये जाने के प्राविधान के अन्तर्गत आप सभी को तदनुसार मतदाता सूची की प्रतियां एंव मतदेय स्थलों की सूचियां समय-समय पर उपलब्ध कराई जाती रही है। इस संबंध में उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद स्तर के अध्यक्ष / मंत्री के माध्यम से समय-समय पर मतदाता सूची एंव मतदेय स्थल की प्रतियां प्राप्त होती रही है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 57-मोदीनगर में बैठक में उपस्थित किसी भी राजनैतिक दल के प्रतिनिधि द्वारा कोई शिकायत न की गयी, उक्त कार्यवाही से सन्तुष्टि प्रकट की गयी।

# राजस्व एवं सिविल बार एसोसिएशन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** राजस्व एवं सिविल बार एसोसिएशन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अधिवक्ताओं ने भाग लेकर होली की शुभकामनाएं दी।

राजस्व एवं सिविल बार एसोसिएशन मोदीनगर के अध्यक्ष सुधीर वशिष्ठ के कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अधिवक्ताओं ने भाग लेकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अध्यक्ष सुधीर वशिष्ठ एवं सचिव संजय मुद्गल ने ने कहा कि होली का पावन त्यौहार प्रेम और सौहार्द का त्यौहार है। होली के पावन त्यौहार को सभी प्रेम के साथ मनाए। होली मिलन समारोह में अध्यक्ष सुधीर वशिष्ठ सचिव संजय मुद्गल अनिल चौधरी अमरदीप नेहरा रामकुमार कलकल प्रेमवीर राठी विक्रम सिंह वर्मा महेश यादव रेखा गिरी मृदू बिंदल विशाल शर्मा प्रेमलता मिश्रा आशीष नेहरा जय सिंह आदि अधिवक्ताओ ने भाग लिया।

# प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादनगर ने किया विशाल भंडारे का आयोजन




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादनगर द्वारा तीसरे विशाल भंडारे का आयोजन असालतनगर हनुमान मंदिर में भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अजीतपाल त्यागी ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना और भोग लगाकर किया। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने बताया कि हर वर्ष होली के अवसर पर शिक्षक संघ द्वारा यह भंडारा आयोजित किया जाता है, जिसमें शिक्षक बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं और समाज सेवा में अपनी भागीदारी निभाते हैं।

विधायक अजीतपाल त्यागी ने शिक्षकों द्वारा इस प्रकार के पावन कार्यों को सराहनीय बताया और कहा कि शिक्षकों का हजारों लोगों के लिए प्रसाद वितरण कराना एक अनुकरणीय कार्य है। इससे समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव ने भी शिक्षकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों का शैक्षिक उत्तरदायित्व के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में योगदान देना समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित शिक्षकों और अतिथियों ने एक-दूसरे को गुलाल और अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव, जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा, ब्लॉक अध्यक्ष अमित यादव, खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद, जिला पंचायत सदस्य अमित त्यागी, पार्षद अमित मुगदल, समाजसेवी बॉबी पंडित समेत संघ के अनेक पदाधिकारी, शिक्षक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मंडला आयुक्त व विकास प्राधिकरण ने राम पथ के अवशेष रिक्त भूमि के सौंदर्यीकरण का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया अयोध्या



मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय के साथ प्राधिकरण द्वारा रामपथ के दोनों ओर अवशेष रिक्त भूमि के सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने सहादतगंज बाईपास के समीप राम पथ के किनारे अवशेष राजकीय भूमि पर लैंड स्केपिंग तथा लगाये जा रहे कॉबल ब्लाक का अवलोकन करते हुये कहा कि इसी पैटर्न का अनुसरण करते हुये सम्पूर्ण रामपथ के किनारे अवशेष रिक्त भूमि पर कॉबल ब्लाक को लगाते हुये शेष कार्य को तीव्र गति से पूर्ण किया जाय।

अगले चरण में मण्डलायुक्त ने उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण के साथ निमार्णाधीन अयोध्या विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम अयोध्या के संयुक्त कार्यालय भवन के कार्यो का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि से कहा कि शेष बचे फिनिसिंग के कार्यो को फ्लोर वाइज डेडिकेटेड टीम लगाकर बेहतर कार्य कुशलता के साथ निर्धारित समयावधि पूर्ण करायें। उन्होंने कहा कि भवन के बाहर परिसर में सी0सी0 रोड का ही प्रावधान रहे कहीं भी इंटरलाकिंग ईट का प्रयोग न किया जाए। इस दौरान उन्होंने कार्यालय भवन के परिसर के बाहर आस-पास रिक्त पड़ी भूमियों का भी अवलोकन किया तथा खाली पड़ी भूमि पर जर्जर कर्मचारी आवासों के सम्बंध में सम्बंधित विभाग को जीर्णोद्वार हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। तथा यह भी निर्देश दिया कि जनपद मुख्यालय पर जो भी कर्मचारियों के आवासीय भवन है उनकी वर्तमान स्थिति का सर्वे कराकर उनके जीर्णोद्वार आदि का प्रस्ताव तैयार करा कर शासन को प्रेषित किया जाय।

# मां कामाख्या धाम महोत्सव में मंगलवार की संध्या को प्रस्तुति देते भोजपुरी सुपर स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ

वेलकम इंडिया अयोध्या



मां कामाख्या धाम मंदिर परिसर में आयोजित 7 दिवसीय माँ कामाख्या धाम महोत्सव के छठवें दिन मंगलवार को देर शाम भोजपुरी स्टार और पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ पहुंचे। उन्होंने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति में रबुलडोजर बाबा चाप रहे हैं, माफिया भाग रहे हैंर गीतो ने पंडाल में धूम मचा दी। और दर्शक बेकाबू हो उठे। युवाओं का यह आलम था कि कुर्सियों पर खड़े होकर थिरकने लगे ।निरहुआ के मंच पर पहुंचते ही न्यास के मुख्य संरक्षक विधायक राम चंद्र यादव व न्यास अध्यक्ष रविकांत तिवारी मोनू ने माता की चुनरी भेंटकर उनका स्वागत किया। भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि मां कामाख्या का आशीर्वाद ही है कि आज पूर्वांचल से चलकर मां कामाख्या जी के दरबार में हाजिरी लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि माँ कामाख्या धाम महोत्सव की जो शुरूआत की है। बहुत ही अच्छा है। उन्होंने कहा कि विधायक जी के आमंत्रण पर 'पटना से पाकिस्तान 2' फिल्म की शूटिंग को छोड़कर आना हुआ है। जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने चलते-चलते कहा कि रुदौली वालों ने इतिहास रच दिया है। दिनेश लाल यादव ने कार्यक्रम की शुरूआत माँ के भजन गीत के साथ किया। उसके बाद भोजपुरी का सुपरहिट गाना 'ए राजा हमका बनारस घुमा द'... निरहुआ रिक्शा वाला... निरहुआ सटल रहे .... के गाने की प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे। अपने गाने के माध्यम से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई।

# दिल्ली-मेरठ रोड पर सड़क का कायाकल्प प्रगति पर

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत वायाडक्ट के नीचे एनसीआरटीसी द्वारा सड़क का कायाकल्प तेजी से जारी है। इसी क्रम में दिल्ली-मेरठ रोड पर हाल ही में मेवला फ्लाईओवर पर सड़क निर्माण के बाद अब मोदीनगर क्षेत्र में सड़क का कायाकल्प किया जा रहा है। दुहाई से लेकर मेरठ तक सड़क की मरम्मत अलग-अलग चरणों में की जाएगी और जल्द ही वाहन चालकों के लिए बेहतर सड़क तैयार होगी।

मोदी नगर सघन आबादी वाला क्षेत्र है जहां भारी वाहनों की आवाजाही की वजह से अक्सर सड़क की हालत खराब हो जाती है, लेकिन लोगों की परेशानी को समाप्त करने के लिए एनसीआरटीसी इस इलाके में सड़क का कायाकल्प कर रहा है। यह कार्य कादराबाद से मोदी नगर नॉर्थ, मोदी नगर साउथ और मुरादनगर से होते हुए दुहाई स्थित ईस्टर्न पेरिफेरल एक्स्प्रेस-वे तक किया जा रहा है। लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से एनसीआरटीसी सड़क निर्माण में जुटी हुई हैं। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के निर्माण के दौरान वायाडक्ट के नीचे की सड़क के रखरखाव की जिम्मेदारी एनसीआरटीसी के पास है एनसीआरटीसी समय-समय पर इस मार्ग को दुरुस्त करता रहा है। इस कॉरिडोर पर अक्तूबर 2023 में ट्रेनों का संचालन आरंभ हो गया था और अगस्त 2024 में मेरठ साउथ तक ट्रेनें परिचालित की गईं, जिसके पश्चात से सड़क मार्ग को वापस हैंडओवर करने की प्रक्रिया चल रही है इस क्षेत्र में अत्यधिक वाहनों का लोड होने की वजह से तथा उचित ड्रैनेज व्यवस्था की कमी के कारण सड़क, खास तौर पर मानसून में खराब हो जाती है। एनसीआरटीसी यहाँ समय- समय पर सड़क की मरम्मत करती आ रही है और हाल ही में यह देखा गया कि इस क्षेत्र में सड़क को फिरसे मरम्मत कि आवश्यकता है इसी के मद्देनजर अब एनसीआरटीसी जनता कि सुविधा के लिए इस सड़क को नए सिरे से तैयार कर रहा है उम्मीद है कि जल्द ही इस सड़क का हैंड ओवर लोक निर्माण विभाग को सौंप दिया जाएगा। वर्तमान में सड़क निर्माण का कार्य कादराबाद से मोदी नगर नॉर्थ स्टेशन के नजदीक तक पहुँच गया है, और तेजी से सड़क निर्माण दुहाई ईपीई की ओर बढ़ रहा है। इस प्रक्रिया के तहत मोदी नगर क्षेत्र में सड़क में पाए जाने वाले गड्ढों को भी भरा जा रहा है। सड़क निर्माण के बाद यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी। एनसीआरटीसी सड़क निर्माण में गुणवत्ता और उच्च स्तर का विशेष ध्यान रखता है। साथ ही सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की गुणवत्ता भी उच्च स्तर की रखी जाती है। नमो भारत स्टेशनों में प्रवेश व निकास के लिए भी एनसीआरटीसी सर्विस लेन को सुविधाजनक तरीके से मुख्य मार्ग से जोड़ता है। इससे स्टेशन के प्रवेश-निकास तक यात्रियों को निर्बाध आवागमन मिलता है।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1.86 करोड़ परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रु. 1,890 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरित की गई। इस महत्वपूर्ण आयोजन का लोक भवन सभागार, लखनऊ में भव्य आयोजन हुआ, जिसका सजीव प्रसारण विकास भवन गाजियाबाद में भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सतीश चंद्र शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, सदर विधायक संजीव शर्मा, जिलाधिकारी दीपक मीणा और सीडीओ अभिनव गोपाल भी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार गरीबों की भलाई के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ और सबका साथ–सबका विकास के तहत सरकार गरीबों को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। उज्ज्वला योजना से देशभर की माताओं-बहनों की रसोई से जुड़ी समस्याओं का समाधान हुआ है। होली के उपहार के रूप में पात्र लाभार्थियों को एक-एक सिलेंडर दिया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरूआत 1 मई 2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से हुई थी। इसका उद्देश्य गरीब परिवारों को निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराना है। गाजियाबाद जिले में कुल 96 गैस एजेंसियां हैं। अब तक 1,06,242 उज्ज्वला लाभार्थियों को गैस कनेक्शन मिल चुके हैं। ई-केवाईस करा चुके लाभार्थियों की संख्या 67,749 है। दीपावली पर प्रथम निःशुल्क सिलेंडर पाने वाले लाभार्थी 52,016 थे।

## केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान में 78 वें बैच के

# 144 अधिकारी प्रशक्षिु के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान में 12 मार्च को 78वें बैच के भारतीय राजस्व सेवा (ओटी) के लिए राष्ट्रीय/आंतरिक सुरक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया।

केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) 11मार्च से 12 मार्च तक 78वें बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारियों (ओटी) के लिए राष्ट्रीय/आंतरिक सुरक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजीव कुमार शर्मा, महानिदेशक, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, डॉ. सचिन गुप्ता, निदेशक, सीडीटीआई, गाजियाबाद और पाठ्यक्रम निदेशक अंकुर आले, आईआरएस ने इस कार्यक्रम का समापन किया। 78वें बैच के कुल 144 अधिकारी प्रशिक्षुओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। यह व्यापक दो दिवसीय कार्यक्रम राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण का विस्तृत अवलोकन प्रदान करेगा, जो आंतरिक और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों, डिजिटल वित्त जोखिमों और प्रौद्योगिकी और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रतिच्छेदन जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा, साथ ही इन चुनौतियों का समाधान करने में भारतीय राजस्व सेवा अधिकारियों की जिम्मेदारियों पर जोर देगा। प्रसिद्ध विशेषज्ञों और प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों को सीडीटीआई गाजियाबाद द्वारा व्याख्यान और परस्पर संवादात्मक सत्रों के माध्यम से अपनी अंतर्दृष्टि और विशेषज्ञता साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस पाठयक्रम के समन्वयक सुश्री श्रुति फोगाट, पुलिस उपाधीक्षक/पाठ्यक्रम समन्वयक श्री ओ.पी. शर्मा एवं सीडीटीआई, गाजियाबाद के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# 50 हजार का इनामी अंतरराज्यीय पारदी गैंग का शातिर अपराधी गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** क्राइम ब्रांच पुलिस ने अंतरराज्यीय पारदी गैंग के शातिर इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो मध्य प्रदेश का निवासी है। गिरफ्तार अपराधी चरण सिंह पारदी पर 50,000 का इनाम घोषित था। गिरफ्तार अपराधी चरण सिंह पारदी ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर भारत के विभिन्न राज्यों में घूम-घूम कर लूट, चोरी और डकैती की घटनाओं को अंजाम देता था। गैंग के सदस्य गली-मोहल्लों, बाजारों में खिलौने, गुलदस्ते आदि की फेरी लगाते थे, जिससे वे यह पहचान लेते थे कि किस मकान या दुकान में चोरी करना आसान रहेगा। इसके बाद यह गैंग रात में अपने अन्य साथियों को बुलाता था और सरिया, आल्हा, नकाब, डंडे लेकर मौके पर पहुंचता था। आधी रात के बाद शटर और दरवाजे तोड़कर चोरी को अंजाम देता था। पुलिस के मुताबिक, गाजियाबाद में पहले से इस गैंग पर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने इससे पहले गैंग के 17 सदस्यों को गिरफ्तार किया था, लेकिन चरण सिंह पारदी अब तक फरार था।

# नाली निर्माण को लेकर हिंसक झड़प, फायरिंग और पथराव, 11 गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र के मिजार्पुर इलाके में मंगलवार को नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट, पथराव और फायरिंग तक हो गई। इस घटना में एक व्यक्ति को गोली लग गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने अब तक दोनों पक्षों के 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नाली निर्माण के दौरान अली जान और मोहम्मद असलम के बीच नाली के बहाव को लेकर कहासुनी हो गई। असलम पक्ष का कहना था कि नाली का ढलान अधिक होने से बरसात में पानी उनके इलाके में भर जाएगा। इसी को लेकर पहले गाली-गलौज, फिर मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों ने अपने-अपने लोगों को बुला लिया और देखते ही देखते करीब 20-25 लोग आमने-सामने आ गए। किसी के हाथ में ईंट-पत्थर थे तो कोई लाठी-डंडों से हमला कर रहा था। इस बीच, तमंचा भी निकल आया और खुलेआम फायरिंग शुरू हो गई। इस फायरिंग में अमजद नामक युवक को गोली लग गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। नूरानी मस्जिद के पास हुई इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। इस घटना का लाइव वीडियो अब सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच पथराव और फायरिंग साफ नजर आ रही है।

पास में खड़े एक युवक ने पूरी घटना की रिकॉर्डिंग कर ली, जिसे अब पुलिस ने जांच में शामिल कर लिया है। फिलहाल, 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद आरोपी अपने घर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस अब वीडियो के आधार पर सभी दंगाइयों की पहचान कर रही है। एसीपी विजयनगर ने बताया कि नाली निर्माण को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों से 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# गाजियाबाद में भक्तमाल जयंती उत्सव का होगा भव्य आयोजन




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आकरण करूणा वरूणालय श्री गोवर्धन नाथ की कृपा से संस्कार उपवन परिवार गाजियाबाद द्वारा 9वें वर्ष का ह्यश्री भक्तमाल जयंती उत्सव के साथ मनाया जा रहा है। इसमें नवनीतप्रिय दास जी की वाणी से श्री भक्तमाल की कथा का गायन होगा। इसी क्रम में सन्त समागम का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें भारत वर्ष के ख्याति प्राप्त सन्त, रसिक व सनातनी प्रचारक आ रहे हैं। इस उत्सव का आयोजन गाजियाबाद के लोहियानगर स्थित हिन्दी भवन आडिटोरियम में किया जा रहा है। कार्यक्रम 14 मार्च, 15 मार्च, 16 मार्च को सायं चार बजे से शुरू होगा।

इस कार्यक्रम में पहले दिन भक्मताल कथा, होली पद गायन, दूसरे दिन भक्तमाल कथा व संत समागम, तीसरे दिन भक्तमाल कथा, संत समागम एवं सम्मान सामारोह का आयोजन होगा।

# प्रभारी मंत्री असीम अरुण के समक्ष उद्यमियों ने उठाई समस्याएं, यूपीसीडा शिकायतों के केंद्र में







वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्यमी विकास संघ द्वारा असीम अरुण जी, मंत्री प्रदेश सरकार- प्रभारी गाजियाबाद के सान्निध्य में आयोजित इकाई भ्रमण एवं उद्यमी संवाद कार्यक्रम सिंटैक प्रैसीशन प्रोडक्ट्स लिमिटेड के परिसर में सफलता से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आदरणीय पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र, आदरणीय जिलाधिकारी दीपक मीणा, उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा प्रदीप सत्यार्थी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की भी कार्यक्रम में मौजूदगी रही।

मंत्रीजी द्वारा अधिकारियों और उद्यमियों के साथ इकाई के भ्रमण के दौरान इकाई के रख रखाव, बेहतरीन उत्पादन प्रक्रिया और उत्पाद की गुणवत्ता की प्रशंसा की गई। उद्यमी संवाद के प्रारंभ में सिंटैक प्रैसीशन प्रोडक्ट्स लिमिटेड के निदेशक सचित ढींगड़ा द्वारा मंत्री जी का प्रतीक चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों का उद्यमियों द्वारा स्वागत किया गया। उद्यमी संवाद का संचालन उत्तर प्रदेश उद्यमी विकास संघ के अध्यक्ष उपेंद्र गोयल द्वारा किया गया। उद्यमी संजीव सचदेव ने भी मंच संचालन में सहयोग किया। संवाद के दौरान उद्योग और उद्यमियों से संबंधित समस्याओं को विभिन्न उद्यमियों द्वारा उठाया गया। इन समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री जी द्वारा सभी समस्याओं को ध्यान से सुना गया, अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए उचित निर्देश दिए, लिखित प्रतिवेदन स्वीकार किए और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। मंत्री जी की पारदर्शी कार्यप्रणाली, सादगी और त्वरित निर्णय लेने के स्वभाव की सभी उपस्थित व्यक्तियों ने सराहना की। कार्यक्रम में उद्यमी सर्वसुशील अरोड़ा, संजीव गुप्ता, मंजीत सिंह, अनिल गुप्ता, सत्यभूषण अग्रवाल, किरण पांचाल, अजीत सिंह नंदा, जे पी कौशिक, मनोज अग्रवाल, सुनील त्यागी, विश्वेंद्र गोयल, नीरज चौधरी, सत्येंद्र गौतम, अनिल तनेजा, एवं अन्य अनेक प्रमुख उद्यमी उपस्थित रहे। उद्यमी मनोज शर्मा द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ उद्यमियों को जलपान के लिए निमंत्रण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## बैंक अधिकारी बनकर युवक से 46,200 रुपये उड़ाए

**गाजियाबाद।** जिले में साइबर क्राइम के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। हाल ही में टीला मोड़ थाना क्षेत्र में एक युवक को बैंक अधिकारी बनकर ठग लिया गया, जिससे 46,200 रुपये की धोखाधड़ी की गई। भोपुरा कुटी, एकता विहार निवासी सचिन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 मार्च को उनके मोबाइल नंबर 70542 पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक का अधिकारी बताया। उसने कहा कि सचिन के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई जा सकती है।

# प्रेम विवाह करने वाले चचेरे भाई-बहन ने आत्महत्या कर दी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** समाज की रूढ़िवादी परंपराओं और परिवार के विरोध ने एक प्रेमी जोड़े को इस कदर तोड़ दिया कि उन्हें आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाना पड़ा। गाजियाबाद के कविनगर थाना क्षेत्र के महेंद्र एन्क्लेव में पीयूष राजपूत (24) और निशा (18) ने एक ही दुपट्टे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। दोनों चचेरे भाई-बहन थे और छह महीने पहले ही बालिग हुई निशा ने 17 फरवरी को घर से भागकर 18 फरवरी को पीयूष से शादी कर ली थी। इसके बाद उन्होंने जिले से दूर गाजियाबाद में किराए का मकान लिया और करीब एक महीने से वहीं रह रहे थे। लेकिन 10 मार्च की रात उन्होंने तीन पेज का सुसाइड नोट लिखकर अपनी जिंदगी खत्म कर ली। मंगलवार (12 मार्च) दोपहर जब उनके कमरे का दरवाजा नहीं खुला, तो पड़ोसियों को शक हुआ। जब रोशनदान से झांका गया तो दोनों के शव फंदे से लटके मिले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू की।

# गाजियाबाद के व्यापारियों की समस्याओं और उनके हल के लिए एक ज्ञापन भी सौंपा

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, पश्चिम उत्तर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक भारतीय, जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के नेतृत्व में योगी सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से गंगाजल अतिथि गृह में मिला। सभी व्यापारियों ने मिलकर होली पर्व की बधाई देते हुए मंत्री जी का गाजियाबाद में आगमन पर स्वागत सम्मान किया उनका पेंसिल स्केच चित्र उन्हें भेंट किया। इस दौरान मंत्री जी के समक्ष व्यापारियों को आ रही समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा वार्ता भी की गई। इस दौरान मंत्री को गाजियाबाद के व्यापारियों की समस्याओं और उनके हल के लिए एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इसमें व्यापारियों ने जीएसटी में सरलता व लचीलापन बढ़ाने के साथ विभाग के सचल उड़न दस्ते को कैमरे युक्त करने की मांग की। ज्ञापन में वाणिज्यिक बिजली दरों को कम करने, विभिन्न तरह के टैक्स से राहत दिए जाने और कानून व्यवस्था को बाजारों में सुविधा सुरक्षा हेतु कढ़ाई से लागू करने की मांग की। इस दौरान कारोबारियों ने कहा कि सरकार को व्यापारियों को विभिन्न राहतें देने पर विचार करना चाहिए क्योंकि योगी सरकार की कार्यशैली से से व्यापारियों में उम्मीद जागृति हुई है। अब व्यापारी अपने व्यापार और सरकार के सामंजस्य से देश की इकोनॉमी को मजबूती प्रदान करने को लालायित है। मंत्री असीम अरुण ने व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि सरकार व्यापारी हितों के लिए काम कर रही है और उन्होंने शीघ्र टीम के साथ गाजियाबाद में बैठक कर अहम फैसले लेने का भी विश्वास दिलाया। इस अवसर पर अशोक भारतीय, प्रदीप चौधरी, बालकिशन गुप्ता, रितेश शर्मा, आशु पंडित, सौरभ यादव आदि मौजूद थे।

UMESH MODI
GROUP
MODINAGAR



उमेश मोदी ग्रुप की ओर से
समस्त नगरवासियों, व्यापारियों, कर्मचारीगणों
एवं
समस्त किसान भाइयों को
होली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाऐं

उमेश कुमार मोदी चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर
मोदी इण्डस्ट्रीज लि0, मोदीनगर।











DR. K.N. MODI FOUNDATION
MODINAGAR, GHAZIABAD (U.P.) 201204.
Value • Knowledge • Character
82 Years of Excellence in Education
आप सभी को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं!
67 COURSES
10,000+ PLACEMENTS
26 CAMPUSES
1,000+ GIRLS IN HOSTEL
250 ACRES LAND
38,500+ STUDENTS
800+ FACULTY
11,000+ GIRL STUDENTS
AVAILABLE STREAMS
COURSES OFFERED
B.TECH., (CHE, ME, EE, ECE, CE, CSE, AI)
BBA, BCA, MBA,
D.PHARM, B.PHARM, M.PHARM,
B.SC. (BIO-TECH), PARAMEDICAL
B.ED, M.ED (ONLY FOR GIRLS)
DR. K.N. MODI GLOBAL SCHOOL
ESTD. 2009
Celebrating 15 Years of Excellence in Education
Textile Branch (कपड़ा मिल) +91-8392-953-695 / 97
Date: 16th March 2025
Timings: 9:00 AM Onwards
Organises
Cutest Baby Contest
for Age Group 6 months to 6 yrs
• Mom & Me
• Fancy Dress Competition
• Dance Competition
CONTACT : +91-8859-500-790 / 91 / 92 / 93.
E-mail: admissions@knmodifoundation.com




समस्त क्षेत्रवासियों को
होली
की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. राजकुमार सांगवान
सांसद बागपत लोकसभा क्षेत्र
डॉ. मंजू शिवाच
विधायक मोदीनगर
डॉ. देवेन्द्र शिवाच
वरिष्ठ भाजपा नेता
निवेदक : विधानसभा 57 मोदीनगर




SHIKSHA INTERNATIONAL SCHOOL
SHIKSHA INTERNATIONAL SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E, New Delhi
www.shikshaint.org Email-info@shikshaint.org
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
Play to IXth to XIth
NO ADMISSION FEE
Mr. Neeraj Tyagi
(CHAIRMAN)
School Building
SKATING
CRICKET
DANCE
MARTIAL ARTS
Reception
Waiting Loby
SPECIAL CLASSES BY TRAINED COACHES FOR
NEAR NIWARI POLICE STATION, NIWARI, MODINAGAR
Contact : 7017838869, 9319921482, 9068530281
समस्त देशवासियों को
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं




समस्त देशवासियों को
रंगो के महापर्व
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वदेश कुमार जैन
प्रदेश परिषद सदस्य भाजपा
वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भाजपा